


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी



Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, बुधवार 07 मई 2025 | वर्ष-31 अंक-265 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6


## ब्रीफ न्यूज

### रूस से इसी महीने आ जाएगा जंगी जहाज तमल

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध की संभावनाओं के बीच भारत की समुद्री ताकत बढ़ने वाली है। रूस में बने एक मॉडर्न स्टील्थ युद्धपोत तमल को भारतीय नौसेना को मई के अंत (28 मई) में सौंपा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जून में इसे आधिकारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह जंगी जहाज ब्रह्मोस मिसाइल से लैस होगा। जो रडार की पकड़ में भी नहीं आएगा। तमल युद्धपोत 2016 में हुए भारत-रूस रक्षा समझौते का हिस्सा है, जिसके तहत चार तलवार-क्लास स्टील्थ फ्रिगेट बनाए जा रहे हैं। इनमें से दो रूस के यंतर शिपयार्ड में और दो भारत के गोवा शिपयार्ड में बन रहे हैं। तमल रूस में बनने वाला दूसरा फ्रिगेट है। इससे पहले ह्वहस्‍ तुशिल को दिसंबर 2024 में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रूस के तटीय शहर कलिनिनग्राद में कमीशन किया था।

### बस खाई में गिरी, दो लोगों की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के घानी मेंढर इलाके में मंगलवार को एक पैसेंजर बस खाई में गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। 45 लोग घायल हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जीएमसी राजौरी रेफर कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, बस मेंढर की ओर जा रही थी तभी खोड़ धारा के पास ड्राइवर ने बस से अपना कंट्रोल खो दिया। खबर लगते ही पुलिस, सेना और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### ट्रैक्टर से टकराई स्कॉर्पियो, 8 की मौत

**कटिहार।** कटिहार में सोमवार रात बारातियों से भरी स्कॉर्पियो खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। 2 घायल हैं। सभी पूर्णिया के रहने वाले थे। हादसा देर रात समेली प्रखंड कार्यालय के पास हुआ है। पूर्णिया से सूरज और सीमा की शादी के लिए 5 गाड़ियों में बारात निकली थी। सभी कटिहार के कुर्सेला थाना क्षेत्र अंतर्गत कोशकीपुर जा रहे थे। इसी दौरान 10 लोगों से भरी एक स्कॉर्पियो चांदपुर चौक के पास गाड़ी बेकाबू होकर ट्रैक्टर से टकरा गई। इस गाड़ी में दूल्हा नहीं था। हादसे की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली में भर्ती करवाया गया।

### सेंसेक्स 156 अंक गिरकर 80,641 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 156 अंक गिरकर 80,641 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट रही, ये 24,380 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 गिरकर बंद हुए। जोमैटो का शेयर 3.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 2.09 प्रतिशत, एसबीआई का 2.01 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स और एनटीपीसी का 1.96 प्रतिशत नीचे बंद हुए। वहीं, महिंद्रा, एयरटेल, नेस्ले इंडिया, एचयूएल और टाटा स्टील के शेयर 2 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 गिरकर बंद हुए हैं। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा सरकारी बैंकों के इंडेक्स 4.84 प्रतिशत, रियल्टी इंडेक्स 3.58 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 1.79 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.68 प्रतिशत और मीडिया 1.51 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। वहीं, कमजोर तिमाही नतीजों के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का शेयर 11 प्रतिशत गिर गया।

### एक दिन में सोना 1,479 महंगा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,479 बढ़कर 96,761 पर पहुंचा गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 95,282 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,745 बढ़कर 95,845 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 94,100 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 का और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# एमपी बोर्ड ने जारी किया रिजल्टः 10वीं में प्रज्ञा तो 12वीं में प्रियल ने किया टॉप

### सीएम यादव ने कहा- जो बच्चे असफल हुए वो इसे अंतिम अवसर न समझें





**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज 6 मई को एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। एमपी बोर्ड 10वीं के परिणाम अनुसार प्रज्ञा जायसवाल ने टॉप किया है, जबकि एमपी बोर्ड 12वीं में प्रियल द्विवेदी टॉपर रही हैं। एमपी बोर्ड का रिजल्ट मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सुबह 10 बजे एक संवाददाता सम्मेलन में घोषित किए। इस दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री, बोर्ड के अध्यक्ष व सचिव भी मौजूद थे। छात्र-छात्राएं अपना रिजल्ट एमपी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर चेक कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के रिजल्ट की औपचारिक घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने की। इस अवसर पर सीएम यादव ने कहा कि बेटियों ने फिर बाजी मारी है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे असफल हो गए, वे यह न समझें कि यह आखिरी अवसर है। उन्हें दोबारा मौका मिलेगा। वे सालभर में दो बार परीक्षा दे सकेंगे, अतः असफल हुए छात्र निराश न हों और दोबारा परीक्षा देने का उन्हें अवसर मिलेगा। प्रदेश में 17 जून से दोबारा परीक्षा होगी, इसमें फेल होने वाले तो शामिल होंगे, साथ ही यदि कोई अपना रिजल्ट इंप्रूवमेंट करना चाहता है तो वह भी परीक्षा में बैठ सकता है। सीएम ने कहा कि यह नई शिक्षा नीति की सबसे बड़ी ताकत है।

छात्र-छात्राएं एमपी बोर्ड रिजल्ट 2025 बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट एमपीबीएसई डॉट निक डॉट इन, एमपीबीएसई डॉट एमपीऑनलाइन डॉट जीओवी डॉट इन और एमपीरिजल्ट्स डॉट निक डॉट इन पर चेक कर सकते हैं। मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 10वीं और 12वीं का स्कोरकार्ड अपना नाम या रोल नंबर दर्ज करके देखा जा सकता है। एमपी 12वीं बोर्ड का रिजल्ट 74.48 प्रतिशत रहा है और सतना की प्रियल द्विवेदी ने टॉप किया। टॉपर्स जिलों की सूची में नरसिंहपुर जिला सबसे आगे है, जबकि नीमच का दूसरा नंबर है। टॉपर प्रियल ने 500 अंकों में से 492 अंक हासिल किए हैं। एमपी बोर्ड 10वीं रिजल्ट में 212 विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में आए हैं। मेरिट लिस्ट में 144 छात्राएं हैं, जबकि छात्र केवल 68 ही हैं। वहीं 12वीं की टॉपर्स सूची प्रियल द्विवेदी- 98.4 प्रतिशत, 492 अंक, रिमझिम करोठिया 98.2 प्रतिशत 491 ग्वालियर और हर्ष पांडे 98.0 प्रतिशत 490 अंक के साथ हैं।

एमपी बोर्ड परीक्षा में इस बार कुल 16,60,252 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 7 लाख, 6 हजार छात्र 12वीं कक्षा के हैं। छात्र-छात्राओं से राज्य सरकार और बोर्ड ने अपील की है कि वे सही और अधिकृत पोर्टल्स का ही रिजल्ट देखने के लिए उपयोग करें।

# इस बार बाबा बर्फानी की 7 फीट ऊंची शिवलिंग, 3 जुलाई से होगी यात्रा शुरु



### लाखों लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन, सुरक्षा व्यवस्था भी काफी कड़ी

**श्रीनगर।** अमरनाथ की गुफा से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर सामने आई है। इस बार बर्फ का शिवलिंग करीब 7 फीट ऊंचा बना है। इस शिवलिंग के दर्शन के लिए देशभर से लाखों लोग बाबा के दर्शन करने आते हैं। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी जो करीब 38 दिन तक चलेगी। 9 अगस्त को छ?ी मुबारक के साथ रक्षाबंधन के दिन यह यात्रा पूरी होगी। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया चल रही है। 13 से 70 साल की उम्र तक के भारतीय अमरनाथ यात्रा कर सकते हैं।

पहलगाम में हुए आतंकी हमले का अमरनाथ यात्रा पर कोई असर नहीं नजर आ है। अब तक पिछले साल की तुलना में 20 फीसदी ज़्यादा रजिस्ट्रेशन किए गए हैं। 15 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड के जरिए करीब 3.50 लाख श्रद्धालुओं ने एडवांस रजिस्ट्रेशन कराया है। श्राइन बोर्ड ने ई-केवॉयसी, आरएफआईडी कार्ड, ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन और दूसरी व्यवस्थाओं को भी बेहतर करने का फैसला लिया गया है, ताकि यात्रा सुरक्षित हो सके। बोर्ड का कहना है इस बार पिछली बार से ज्यादा श्रद्धालु आ यहां आ सकते हैं, इसलिए जम्मू, श्रीनगर, बालटाल, पहलगाम, नुनवान और पंथा चौक पर रुकने और रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था भी की जा रही है।

पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी कर दी गई है। अब टट्टूवाले और स्थानीय सेवादार बेस कैंप में आईडी जांच के साथ रजिस्ट्रेशन करवा रहे हैं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए सख्त आईडी वैरफिकेशन प्रोटोकॉल के साथ किया जा रहा है।

# सीजेआई संजीव खन्ना ने 406 जजों की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने भी रिटायरमेंट से पहले उन 406 नामों की लिस्ट भी जारी कर दी है जो कोलेजियम के लिए केन्द्र सरकार को भेजे थे। इसमें से 221 उम्मीदवारों को केन्द्र सरकार ने मंजूरी दे दी है और बाकी या तो वेटिंग लिस्ट में हैं या फिर उन उम्मीदवारों के नाम को खारिज कर दिया है। सीजेआई संजीव खन्ना ने जिन उम्मीदवारों के नाम को कोलेजियम के लिए भेजा उसमें कितने एससी, कितने एसटी और कितने ओबीसी थे। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपनी रिटायरमेंट से एक हफ्ते पहले सोमवार को सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम की हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्तियों के लिए की गई सिफारिशों का डिटेल को पब्लिक कर दिया है। इसमें 9 नवंबर 2022 से



5 मई इस साल तक की सभी सिफारिशों को शामिल किया है जिसमें जाति, लिंग और क्या उम्मीदवार किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जजों के रिश्तेदार या परिवार से है।

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी जानकारी के अनुसार, कोलेजियम द्वारा सरकार को सिफारिश किए गए 406 उम्मीदवारों में से 221 को सरकार ने मंजूरी दी है, जबकि बाकी नाम या तो वेटिंग लिस्ट में है या उन्हें खारिज कर दिया गया है। डेटा से पता चलता है कि 406 में से केवल 34 महिलाएं थीं। केवल आठ उम्मीदवार अनुसूचित जाति से थे। 7 अनुसूचित जनजाति से थे। 32 उम्मीदवार अन्य पिछड़ा वर्ग से थे। 7 पिछड़ा/अत्यंत पिछड़ा वर्ग से थे और 14 उम्मीदवार मौजूदा या रिटायर जजों से संबंधित थे। नियुक्तियों पर अतिरिक्त डेटा का खुलासा करने का निर्णय सभी 31 सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्ति सार्वजनिक रूप से घोषित करने के एक महीने बाद आया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना 14 मई को रिटायर हो रहे हैं।

# टैरिफ और दुनिया में जारी तनाव से बढ़ी व्यापार अनिश्चितता, मूडीज ने जारी किया अनुमान

### भारत सहित पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था होगी डांवाडोल

**नई दिल्ली।** इस साल भारत सहित दुनिया के लगभग सभी बड़े देशों की अर्थव्यवस्था पर संकट के बाद मंडरा रहे हैं। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2025 के लिए जो अनुमान जारी किया है वह चिंताजनक है। मूडीज के अनुमान के अनुसार, इस साल भारत सहित पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डांवाडोल होगी। यानी पूर्व में जो अनुमान किए गए हैं वे फेल हो सकते है। दरअसल, अमेरिका द्वारा दुनिया के विभिन्न देशों पर लगाए गए टैरिफ से वैश्विक स्तर पर व्यापार अनिश्चितता का माहौल है। इसका असर भारत की वृद्धि दर पर भी पड़ने की आशंका है। यही वजह है कि रेटिंग एजेंसी मूडीज ने साल 2025 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। मूडीज ने पहले अनुमान जताया था कि 2025 में भारत की जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी।

मूडीज ने अपने वैश्विक मैक्रो आउटलुक 2025-26 में मई अपडेट में बताया है कि भूराजनैतिक परिस्थितियों जैसे भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव से भी भारत की विकास दर पर असर पड़ने की आशंका है। इससे निवेश और उद्योगों पर असर आएगा।

# सुप्रीम कोर्ट के जजों की संपत्ति और नियुक्ति का ब्योरा हुआ सार्वजनिक



### न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने पूरी प्रक्रिया को वेबसाइट पर किया अपलोड

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जजों ने सोमवार को अपनी संपत्ति का ब्यौरा पेश किया। जजों की संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों को सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जिससे यह सभी दस्तावेज सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहें। कोर्ट ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने तय किया था कि सभी जजों की संपत्ति सार्वजनिक की जाएगी। इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। अन्य जजों की संपत्ति से जुड़ी जानकारियां भी अपलोड की जा रही हैं। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को भी सार्वजनिक करने का फैसला किया है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति कैसे होती है, सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी पब्लिक डोमेन में रखने की घोषणा की। कोर्ट का कहना है कि हाईकोर्ट कॉलेजियम सिस्टम कैसे काम करता है? जजों की नियुक्ति के संबंध में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों क्या इनपुट देती हैं और सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम सिस्टम कैसे काम करता है? यह सभी चीजें अब आम जनता की जानकारी में रहेंगी।

9 नवंबर, 2022 से 5 मई, 2025 की अवधि में हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्तियों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों को सार्वजनिक किया जाएगा। इनमें नाम, उच्च न्यायालय, पिछला पद, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा सिफारिश की तारीख, न्याय विभाग द्वारा अधिसूचना की तारीख, नियुक्ति की तारीख, विशेष श्रेणी और क्या उम्मीदवार किसी मौजूदा या सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय/सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से संबंधित है? जैसी सभी जानकारियां सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की जा चुकी हैं।

बता दें जस्टिस यशवंत वर्मा पर लगे कैश कांड के आरोपों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सभी जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की घोषणा की थी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट और खासकर कॉलेजियम सिस्टम में जजों की नियुक्तियां अक्सर सवालों के घेरे में आती हैं, जिसमें पारदर्शिता लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया को वेबसाइट पर अपलोड करने का फैसला किया है।

# चेनाब नदी का पानी रोकने से पाकिस्तान में पड़ सकता है अकाल?

### भारत चारों तरफ से कर रहा कूटनीतिक घेराबंदी, सेना को भी दी है छूट

**नई दिल्ली।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान को घेरने की रणनीति चल रहा है। भारत ने अपनी सेना को खुली छूट दे दी है। दूसरी तरफ वह उसकी कूटनीतिक घेराबंदी भी कर रहा है। भारत ने सिंधु जल संधि तोड़ने के बाद पाकिस्तान को सबसे ज्यादा पानी देने वाली नदी चेनाब का पानी रोक दिया है। चेनाब पर बगलिहार में बने डैम के फाटक बंद कर पानी को दूसरी दिशा में मोड़ दिया है। इससे पाकिस्तान में अकाल पड़ सकता है।

इस वाटर अटैक के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को लेकर और बड़ा कदम उठाया है। उसने सिंधु जल संधि की नदी पर बन रहे किशनगंगा-रतले जल विद्युत परियोजना से जुड़े विवाद पर वर्ल्ड बैंक में चल रही सुनवाई स्थगित करने को कहा है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत जल्द ही इसको लेकर एक अनुरोध पत्र तटस्थ विशेषज्ञ को भेजेगा। इसकी एक प्रति वर्ल्ड बैंक को भी दी जाएगी। भारत ने कहा है कि उसने खुद को सिंधु जल संधि से अलग कर लिया है। ऐसे में अब विवाद से जुड़ी तटस्थ विशेषज्ञ की विवाद समाधान प्रक्रिया को भी अब रोक दिया जाए।

यह विवाद किशनगंगा-रतले जल विद्युध परियोजना को लेकर है। भारत इस परियोजना पर काम कर रहा है। पाकिस्तान ने इसकी शिकायत विश्व बैंक में की है। इसके बाद 2023 में विशेषज्ञ मिशेल लिनो की देखरेख में विवाद को सुलझाने की कोशिश हुई थी। इसको लेकर भारत, पाकिस्तान और विशेषज्ञ एक तय कार्य योजना के तहत काम कर रहे है, लेकिन भारत पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद इस प्रक्रिया को रोकना चाहता है। इस विवाद को सुलझाने के लिए इस साल की बैठकें होने वाली थीं। पाकिस्तान को परियोजना को लेकर जो शिकायत थी उसके बारे में जवाब देना था। इसके बाद इस साल दिसंबर में विशेषज्ञ परियोजना स्थल का दौरा भी करने वाले थे। यह प्रक्रिया 2026 तक चलने वाली थी लेकिन भारत ने अब इस पूरी प्रक्रिया को स्थगित करने को कहा है। बीते साल जून में भी परियोजना स्थल का निरीक्षण किया गया था।

भारत ने चेनाब नदी पर बगलिहार में बने डैम का फाटक बंद कर दिया है। इससे पाकिस्तान को भरपूर पानी देने वाली यह नदी अब नाली की तरह बहने लगी है. इससे पाकिस्तान में इस गर्मी भारी जल संकट पैदा हो सकता है। वहां की नहरें सूख सकती है। इसी नदी के पानी से पाकिस्तान पंजाब के एक बड़े इलाके में सिंचाई का काम होता है।

### महाराष्ट्र में निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र निकाय चुनाव को लेकर फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र चुनाव आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह चार सप्ताह के भीतर राज्य में स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करे। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य चुनाव आयोग चार महीने में चुनाव संपन्न कराए। पीठ ने राज्य चुनाव आयोग को उचित मामलों में अधिक समय मांगने की स्वतंत्रता प्रदान की।

जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने आदेश में कहा- हमारे विचार से, स्थानीय निकायों के समय-समय पर चुनावों के जरिए लोकतंत्र के संवैधानिक जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए और इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# भारतीय वायु सेना आज से पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में करेगी अभ्यास

### पाकिस्तान सीमा पर गरजेंगे लड़ाकू विमान

### राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी विमान लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना बुधवार से भारत-पाकिस्तान सीमा पर रेगिस्तानी क्षेत्र और आस-पास के इलाकों में अभ्यास करेगी। जिसमें राफेल, मिराज 2000 और सुखोई-30 सहित सभी अग्रणी विमान भाग लेंगे। इसे लेकर भारत की ओर नोटम जारी किया गया है। केंद्र के गृह मंत्रालय ने सोमवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पत्र भेजा। जिसमें कहा गया कि वे 7 मई को मॉक ड्रिल (अभ्यास) करें, ताकि किसी भी दुश्मन देश के हमले की स्थिति में तैयारी पूरी रहे। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए उठाया गया है।

भारत के लगातार एक्शन से पाकिस्तान की टेंशन बढ़ती जा रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने 7 मई को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं। इससे एक दिन पहले मंगलवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पहुंचे और अहम बैठक की। इस दौरान तमाम अधिकारियों ने उन्हें भारत के साथ जारी तनाव की पृष्ठभूमि में संभावित पारंपरिक खतरे और देश की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया कि बैठक में उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी उनके साथ मौजूद थे। बयान में कहा गया है, इस दौरे में मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य की विस्तृत जानकारी दी गई, विशेषकर पूर्वी सीमा पर भारत की आक्रामक और उकसावे वाली गतिविधियों के मद्देनजर पारंपरिक सैन्य खतरे को लेकर तैयारियों पर जोर दिया गया।

### आज 244 जगह मॉक ड्रिल

**पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान से तनाव के बीच बुधवार को देश के 244 इलाकों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों की मॉक ड्रिल होगी। गृह मंत्रालय ने इन इलाकों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं। सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे। दिल्ली में गृह मंत्रालय में हुई हाईलेवल मीटिंग में मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा की गई।**

» न्यूज कैप्सूल »

## गांव की बेटी शिवानी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए



**जबलपुर।** जबलपुर संभाग के सिवनी जिले के अंतर्गत छोटे से गांव ढेंकी की बेटी शिवानी पाटिल, पिता गणेश पाटिल, माता राधिका पाटिल ने 500 में से 449 नंबर लाकर 89.8त्न प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने गांव के लोगों के चेहरे में खुशी ला दी एवं गांव का नाम रोशन करके यहां रहने वाले बच्चों को एक उम्मीद की किरण बढ़ाई है. आप पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के प्रचार निरीक्षक शिव पाटिल की भतीजी हैं।

## शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अतंर्गत ईसाई मोहल्ला में शराब के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर दो बदमाशों ने घर के बाहर टहल रहे एक युवक के साथ मारपीट कर आंख के पास चोटें पहुंचा दी। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसाई मोहल्ला गोरखपुर निवासी 24 वर्षीय हर्ष बेन देर रात लगभग 2 बजे अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी मोहल्ले के पारस बेन और अनमोल बेन आये और उससे शराब पीने के लिये 500 रुपए मांगने लगे, रुपए देने से मना करने पर गालीगलौज व मारपीट कर आंख के पास चोटें पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी दी7 पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(3), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## चाकूबाजी में युवक घायल

**जबलपुर।** माढोताल थाना अतंर्गत ग्रीनसिटी माढ़ोताल में पुरानी रंजिश और शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीनसिटी माढ़ोताल निवासी 22 वर्षीय बीटेक छात्र आदित्य चंद्रोल के किराए के घर पर गत शाम लगभग 4.30 बजे साहिल पटेल अपने अन्य साथियों के साथ आया और उसके दोस्त मृदुल झारिया को पूछने लगा7 मृदुल झारिया और साहिल की पुरानी रंजिश है7 जब उसने कहा कि मृदुल बाहर गया है तो इसी बात पर साहिल पटेल और साहिल के अन्य साथी गालियां देने लगे, मना करने पर साहिल ने चाकू से हमला कर दिया और उसके साथियों ने शराब पीने के लिए 1 हजार रुपए नहीं देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी7 पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पुरानी रंजिश पर युवक की हत्या का प्रयास

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत झंडा चौक में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया7 घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती झंडा चौक निवासी 24 वर्षीय विशाल उर्फ पप्पू चौधरी लगभग 2 वर्ष से गोवा में होटल में वेटर का काम करता है जो गत 30 अप्रैल को अपने घर जबलपुर आया था7 गत रात लगभग 9 बजे जब वह घर से मार्केट जा रहा था तभी झंडा चौक के सामने पुरानी रंजिश पर मोहन चौधरी उसे गालियां देने लगा, गाली देने से मना करने पर उसके पेट पर चाकू से प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी7 पुलिस ने आरोपी मोहन चौधरी के विरूद्ध धारा 296, 109 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## जहर खाने से युवती की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत कृष्णा कालोनी त्रिमूर्तिनगर में अज्ञात वस्तु का सेवन करने से एक युवती की मौत हो गई7 पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर निवासी 26 वर्षीय कुमारी आकांक्षा पाठक को अज्ञात वस्तु का सेवन करने पर उपचार के लिए देर रात लगभग 1.30 बजे विक्टोरिया अस्पताल भाई आयुष पाठक द्वारा भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान देर रात लगभग 3.25 बजे कुमारी आकांक्षा पाठक की मौत हो गई।

# जल आवर्धन योजना 8 वर्षों के बाद भी अधूरी



**बुरहानपुर।** शहर की जनता को शुद्ध और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में तत्कालीन महापौर अनिल भोसले के कार्यकाल में जल आवर्धन योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत शहर के हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाने की व्यवस्था की जानी थी, जिसे वर्ष 2020 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित था। परंतु, योजना की संभालने वाली जेएमएफसी कंपनी की लापरवाही और कार्य में सुस्ती के कारण यह परियोजना अब तक अधूरी है। शहर में सड़कों और गलियों को खोदकर फिर एक बार पाइपलाइन डालने का कार्य किया जा रहा है वहीं अब तक जहां पाइपलाइन डाली जा चुकी है वहां डोर टू डोर नल कनेक्शन देने का कार्य भी अधूरा है इन आठ वर्षों में ना केवल योजना पूर्ण नहीं हो पाई, बल्कि इसकी वजह से शहर की सड़कों की दुर्दशा बन गई है और शहर वासियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए एक बार फिर शहर की सड़कों को खोदा जा रहा है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और सड़कों की दुर्दशा के चलते दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है। शहर के व्यस्ततम चौराहे जयस्तंभ पर दो दिनों से बड़ा गड्ढा खोदा गया है जिसके चलते यहां यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है इस कार्य को जल्द पूरा करने में कंपनी एक बार फिर लापरवाही कर रही है इस योजना पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन परिणाम अभी भी नजर नहीं आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शहर वासी जल संकट से जूझ रहे हैं। परियोजना की धीमी गति को लेकर न केवल जनता में रोष है, बल्कि यह प्रशासनिक विफलता का उदाहरण भी बन चुकी है। इस कार्य में लेट लगती थी को लेकर संसद से लेकर कलेक्टर तक कंपनी को फटकार लगा चुके हैं बावजूद इसके कंपनी इस कार्य में अब भी लापरवाही परत रही है शहर के अनेकों भागों में अभी तक पूरी पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा नहीं हो सका है वही जल संकट झेल रहे शहरवासी पेय जल को तरस रहे!

# एमपी बोर्ड परीक्षा परिणाम: 10वीं में जिले के दो छात्र प्रदेश टॉप 10 में, 12वीं का भी रहा शानदार प्रदर्शन

**गुना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा मंगलवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस वर्ष गुना जिले के लिए यह परिणाम गौरव का क्षण लेकर आया, जहां कक्षा 10वीं के दो छात्र प्रदेश की टॉप 10 मेरिट सूची में शामिल हुए। वहीं कक्षा 12वीं का परिणाम भी उल्लेखनीय रहा और जिले ने पिछली बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रगति की नई लकीर खींची।

कक्षा 10वीं के परिणाम में राघौगढ़ के नवीन मॉडल स्कूल के छात्र शैलेन्द्र धाकड़ ने जिले का नाम रोशन करते हुए प्रदेश स्तर पर आठवीं रैंक हासिल की। शैलेन्द्र को कुल 500 में से 493 अंक प्राप्त हुए, जो कि 98.6त्न अंकों के बराबर हैं। वहीं बमोरी स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल की छात्रा पूर्णिमा अदावकर ने दसवीं रैंक प्राप्त कर जिले को दूसरी बड़ी उपलब्धि दिलाई। इस वर्ष जिले में कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 72.28 फीसदी रहा, जो कि बीते वर्ष के 56.36 फीसदी से करीब 16 फीसदी अधिक है। इस उछाल ने जिला शिक्षा व्यवस्था में सुधार की ओर इशारा किया है। परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च 2025 के बीच आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 17,588 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

# महिला कर्मी रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ी गई



## सीएमएचओ के आरटीआई शाखा में लोकायुक्त की कार्रवाई

**जबलपुर।** लोकायुक्त की टीम ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय के आरटीआई शाखा में पदस्थ एक महिला कर्मी को चार हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। बताया गया है कि महिला कर्मी ने आवेदक से आरटीआई के तहत जानकारी देने के बदले में 5 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, बातचीत के जरिए 4 हजार रुपए में सौदा तय हुआ था।

लोकायुक्त डीएसपी नीतू त्रिपाठी ने बताया कि 2 मई को शिकायत कर्ता राकेश विश्वकर्मा ने एसपी लोकायुक्त संजय साहू को लिखित शिकायत देते हुए बताया था कि सीएमएचओ कार्यालय में उसके द्वारा एक आरटीआई के तहत आवेदन लगाया गया था। जिसमें उसके द्वारा कुछ कर्मचारियों की पदस्थापना संबंधी जानकारी मांगी गई थी। इस जानकारी देने के एवज में आरटीआई शाखा में पदस्थ महिला विनीता विलियम से मुलाकात हुई, उन्होंने जानकारी देने के एवज में 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। बातचीत के बाद वे चार हजार रुपए में जानकारी देने के लिए तैयार हो गई। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत का सत्यापन कराने के बाद ट्रेप दल गठित किया और मंगलवार की दोपहर में जब शिकायत कर्ता ने रिश्वत की रकम दी थी तभी लोकायुक्त की टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में लिया गया है।

# धरनावदा के पास भीषण बस हादसा, बारात से लौट रही बस खेत में पलटी, तीन दर्जन से अधिक घायल

**गुना।** राजस्थान के छबड़ा से बारात लेकर शिवपुरी गई एक बस लौटते समय धरनावदा थाना क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा सोमवार सुबह पार्वती नदी के पास हुआ, जब बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर सड? किनारे खेत में जा घुसी। इस दुर्घटना में तीन दर्जन से अधिक बाराती घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, छबड़ा राजस्थानसे एक बस बारात लेकर शिवपुरी जिले के एक गांव गई थी। विवाह समारोह संपन्न होने के बाद सोमवार सुबह बारात बस के जरिए वापस लौट रही थी। धरनावदा से कुछ ही दूरी पर पार्वती नदी के समीप अचानक चालक का बस से नियंत्रण हट गया और बस क्रमांक एमपी08-पी-1175 सीधे सड? से उतरकर खेत में जा घुसी। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बस में फंसे लोगों को बाहर निकालने में जुट गए।

घटना की जानकारी मिलते ही धरनावदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया गया। पुलिस की सहायता से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुठियाई भेजा गया। वहीं गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रैफर किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की गति अधिक थी और मोड़ पर चालक नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे हादसा हुआ। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। स्थानीय लोगों की तत्परता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी जनहानि टल गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### यह हैं घायल

जिन घायलो को जिला अस्पताल में रैफर किया गया। उनमें लीला बाई, गुड्डा बाई, नीलम बाई, कृष केवट, कुसमा बाई, किरण बाई, सीमा बाई, लक्ष्मी बाई, मोनू केवट, अनीता बाई, राजूबाई केवट, कल्ला केवट शामिल हैं। जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं रुठियाई स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती घायलों की पहचान हल्की बाई केवट (35) निवासी बामोर बदरवास, आनंदी बाई केवट (36) निवासी पारसोल ईसागढ़, रचना केवट (26) निवासी बदरवास, गोपी केवट, राजू केवट और लखन केवट तीनों निवासी बदरवास के रूप में हुई है। कैलाश केवट, पूजा केवट (2.5), गोविंद केवट (17), किरण केवट (30) दोनों निवासी माहोर गुना, लक्ष्मी केवट (15) निवासी बामोर बदरवास, राजूबाई केवट (54) निवासी बामोर बदरवास, अनीता केवट (30), वदना केवट (14) एवं रामबाबू केवट (48) तीनों निवासी बामोर बदरवास, हरेन्द्र भार्गव (38) एवं कल्पित भार्गव (36) दोनों निवासी जगतपुर, कोलारस, सीमा केवट (30), रीना केवट (32), मोनू केवट (26), कल्ला केवट (42), सियाबाई केवट (38), गायु केवट (5), लक्ष्मी केवट (49), गौरी केवट (12), सरोज केवट (22), सभी निवासी बामोर बदरवास, उर्मिला केवट (30) एवं देवीसिंह केवट (30) निवासी ईसागढ़, आशू केवट (12) निवासी कोलारस, किशनलाल केवट (49) और रामकृष्ण केवट पिता गौरी निवासी बामोर बदरवास शामिल हैं।

# जिले के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 13.08 एवं हायर सेकेण्ड्री में 2.55 प्रतिशत की वृद्धि

## हायर सेकेण्ड्री के वाणिज्य समूह में जिले की छात्रा कु. रिमझिम प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में पहले स्थान पर

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की गई हाईस्कूल व हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के परिणाम मंगलवार 6 मई को घोषित किए गए। जिले के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में पिछले साल की तुलना में 13.08 प्रतिशत बड़ोत्तरी हुई है। इसी तरह हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में पिछले साल की तुलना में 2.55 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जिले के 5 परीक्षार्थी हाईस्कूल परीक्षा की प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आए हैं। इसी तरह हायर सेकेण्ड्री की प्रावीण्य सूची में 9 परीक्षार्थियों ने स्थान बनाया है।

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा के वाणिज्य समूह में समर्थ बाल मंदिर उमावि आनंदनगर ग्वालियर की छात्रा कु. रिमझिम करोठिया ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जीव विज्ञान संकाय में नवीन विद्या निकेतन उमावि गोले का मंदिर मुरार की छात्रा कु. स्नेहा शर्मा ने 483 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान पाया है।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं सहित सभी सफल परीक्षार्थियों को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं। साथ ही जो परीक्षार्थी असफल रहे हैं, उनसे अपील की है कि आप निराश न हों। अपनी सोच को सकारात्मक रखें और मन लगाकर पड़ाई करें, आगे अवश्य सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा है कि असफलता ही सफलता का रास्ता दिखाती है। देश और दुनियां में ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं कि आरंभ में असफल हुए लोग अपनी मेहनत, लगन व सकारात्मक सोच की बदौलत सफलता के उच्चतम मुकाम पर पहुँचे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार ने बताया कि मौजूदा साल अर्थात वर्ष 2025 में हुई माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल परीक्षा में ग्वालियर जिले का परीक्षा परिणाम 67.99 प्रतिशत रहा है। पिछले साल यानि 2024 में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 54.91 प्रतिशत था। इस प्रकार मौजूदा साल के हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 13.08 प्रतिशत की बड़ोत्तरी हुई है। इसी प्रकार हायर सेकेण्ड्री परीक्षा का परिणाम वर्ष 2025 में 61.93 प्रतिशत रहा है। पिछले साल यानि 2024 में हायर सेकेण्ड्री का परीक्षा परिणाम 59.38 प्रतिशत था। इस प्रकार मौजूदा साल के हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणाम में 2.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### हाईस्कूल में इन परीक्षार्थियों ने प्रावीण्य सूची में बनाया स्थान

हाईस्कूल परीक्षा में शासकीय पद्मा कन्या उमावि की छात्रा कु. सौम्या अग्रवाल ने 500 में से 494 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान हासिल किया है। इसी तरह लॉरेन्स पब्लिक हाईस्कूल दर्पण कॉलोनी की छात्रा कु. अंशिका भदौरिया व शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.-1 मुरार के छात्र लक्ष्य अग्रवाल ने 492 ङ्क 492 अंक हासिल कर नौवा स्थान प्राप्त किया है। संत चिन्मय पब्लिक स्कूल द्वारिकापुरी की छात्रा कु. तमन्ना व बीएसएफ उमावि टेकनपुर की छात्रा कु. प्रतीक्षा शर्मा ने 491 ङ्क 491 अंक हासिल कर दसवाँ स्थान पाया है।

### हायर सेकेण्ड्री में ये परीक्षार्थी आए हैं प्रावीण्य सूची में

हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में कला समूह में शासकीय बालक उमावि डबरा के छात्र श्री शौर्य शर्मा ने 500 में से 484 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छठवां, एस किण्डर गार्डन हाईस्कूल तानसेन नगर के छात्र श्री प्रबल सिंह जादौन ने 483 अंक हासिल कर सातवां व शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.-1 मुरार की छात्रा कु. कृपा पाल ने 481 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान पाया है। इसी तरह विज्ञान/गणित समूह में संत कवंरराम उमावि डबरा की छात्रा कु. राधा साहू 484 अंक लेकर प्रावीण्य सूची में आठवे स्थान पर रहीं हैं।

वाणिज्य समूह में समर्थ बाल मंदिर उमावि आनंदनगर की छात्रा कु. रिमझिम करोठिया ने 491 अंक प्राप्त कर पहला, शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.-1 मुरार की छात्रा कु. लक्ष्मी शर्मा ने 485 अंक पाकर छठवां, सिद्धार्थ मॉडर्न हा.से. स्कूल सराफा बाजार लश्कर के छात्र श्री तनिष्क जैन व शासकीय मॉडल उमावि मुरार की छात्रा कु. रिया राठौड ने 483 - 483 अंक पाकर आठवां एवं जीव विज्ञान संकाय में नवीन विद्या निकेतन उमावि गोले का मंदिर मुरार की छात्रा कु. स्नेहा शर्मा ने 483 अंक हासिल कर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान पाया है।

# आचार्यश्री सुबल सागर नौ साल के बाद नौ संतो के साथ हुआ शहर में मंगल प्रवेश, संतो का किया स्वागत




**ग्वालियर।** परम पूज्य आचार्य श्री सुबल सागर जी महाराज ससंघ का नौ साल के बाद नौ साधुओं के साथ ग्वालियर शहर में भव्य मंगल प्रवेश किया। आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ की आगवानी दिगम्बर जैन बीस पंथ चंपाबाग बड़ा मंदिर प्रबंधक कमेटी एवं सकल जैन समाज ग्वालियर के वरिष्ठ समाजजनों ने इंदरगंज दिगंबर जैन मंदिर पर धूमधाम के साथ की।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सुबह इंदरगंज जैन मंदिर से गाजेबाजे के साथ आचार्यश्री सुबल सागर महाराज, मुनिश्री अंनग सागर, मुनिश्री अकंप सागरजी, मुनिश्री अगण्य सागरजी, ग्वालियर गौरव मुनिश्री अभेद सागरजी, मुनिश्री अगर्भ सागरजी, मुनिश्री अचेल सागरजी, क्षुल्लक श्री अर्ह सागर जी, क्षुल्लक श्री अर्पण सागर महाराज सहित नौ साधुओं का भव्य मंगल प्रवेश इंदरगंज जैन मंदिर से गाजेबाजे ओर ढोल ताशे के साथ शुरू होकर पुराना हाईकोर्ट रोड, ऊट पुल, पाटकर चौराहे, गस्त का ताजिया, नई सड़क से होते हुए दाना ओली स्थित चंपाबाग जैन मंदिर पहुंची। मंगल प्रवेश में महिला केसरिया साड़ी और पुरुष व्हाइट परिधानों सम्मिलित थे। आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ का जगह जगह रंगोली सज्जकर इंदरगंज मंदिर समिति, फालका बाजार जैन मंदिर समिति, जैन मिलन ग्वालियर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्वालियर, जैन स्वर्ण मंदिर समिति, जैन महिला परिषद, दिगंबर जैन युवा जागरण मंच, चंपाबाग मंदिर समिति एवं जैन समाज के लोगो ने जयकारों के साथ आचार्यश्री के चरणों का पद प्रक्षालन कर भव्य दीपकों से आरती उतरकर मंगल आशीर्वाद लिया।

### जैन धर्म बड़े पुण्य ओर भाग्य से मिलता हे: आचार्यश्री सुबल सागर

चंपाबाग जैन मंदिर में आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जिन शासन बड़े सौभाग्य ओर पुण्य से प्राप्त हुआ हे। जितनी चिंता हमें परिवार ओर व्यापार की रहती है उतनी चिंता हमे अपने जैन शासन पर होनी चाहिए। हम केवल मात्र जैन के नाम से जाने जाते हैं जिन वचनों पर विश्वास कम होता जा रहा है जबकि अन्य जैनेत्रर लोग आकर्षित ओर प्रभावित होते है। हमें अपने विषय में सोचना होगा। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने जैन धर्म को समझ ओर जैन सिध्दांतों का अनुशरण कर जैन धर्म का महत्व समझा। प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने अहिंसा के द्वारा पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया। हमें गर्व से कहना चाहिए कि हम जैन है। जैन धर्म बड़े पुण्य ओर भाग्य से मिलता हे। जैन धर्म की पहचान जैन संस्कृति से है। हमें अन्य लोगों का प्रतिदिन जैन धर्म, जैन संतो ओर तीर्थंकरों के बारे में बताना चाहिए। प्रवचन से पहले आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ के चरणों में श्रीफल भेंट चंपाबाग समिति के डॉ वीरेंद्र गंगवाल, अध्यक्ष प्रमोद टोंग्या, सचिव पंकज छाबड़ा, विनय कासलीवाल, बालचंद्र जैन, प्रवीण गंगवाल, राजेंद्र जैन, महावीर जैन, कमलेश बिलाला, उमेश जैन, चंद्रप्रकाश जैन चन्दर, धरम वरैया, सहित भिंड, दिल्ली, मुरैना, शिवपुरी से पधारे गुरु भक्तों ने भेट किए। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया आचार्य श्री के मंगल प्रवचन प्रात: 8 ञ्30 बजे से चंपाबाग जैन मंदिर में होगे।

मंगल प्रवेश शोभायात्रा चंपाबाग जैन मंदिर पहुंचने पर आचार्यश्री सुबल सागर महाराज ससंघ ने जिन प्रतिमाओं के दर्शन करने के साथ मंत्रो से श्रीजी का अभिषेक कराए।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 109 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 109 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार व अपर कलेक्टर टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक-एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। साथ ही लोगों के आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 109 आवेदनों में से 83 दर्ज किए गए। शेष 26 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निन्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया।

# कैबिनेट ने लगाई मुहर, पर्यटकों को आकर्षित करने लाएंगे प्रोजेक्ट

## रेवेन्यू को ट्रांसफर होगी पचमढ़ी की 395.93 हेक्टेयर जमीन

## नए जिलों में खुलेंगे खाद्य विभाग कार्यालय

**भोपाल।** मोहन यादव कैबिनेट ने मंगलवार को पचमढ़ी शहर को अभयारण्य से बाहर करने का फैसला किया है। इसमें पचमढ़ी की 395.93 हेक्टेयर जमीन फॉरेस्ट से रेवेन्यू (नजूल) घोषित की जाएगी। इसके बाद यहां जमीन की खरीदी और बिक्री हो सकेगी। इस फैसले के बाद पचमढ़ी अभयारण्य का नोटिफिकेशन फिर होगा। यह फैसला मोहन सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय आने के बाद किया है। एमपी सरकार ने वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 18 (1) के अंतर्गत एक जून 1977 को पचमढ़ी अभयारण्य को अधिसूचित किया था। इस दौरान अभयारण्य में शामिल किए गए और बाहर किए जाने वाले क्षेत्र को सीमांकित नहीं किया गया था। इसके चलते यहां कोई गतिविधि सरकार खुद भी नहीं कर पा रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब यहां की 395.93 हेक्टेयर जमीन को नजूल भूमि घोषित करने का फैसला किया गया है। इसके बाद यह पचमढ़ी भूमि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के स्वामित्व में आ जाएगी और यहां विकास कार्यों में तेजी लाने व जमीन की खरीदी



बिक्री का काम किया जा सकेगा। अभी अभयारण्य होने के कारण यहां कोई व्यवसायिक गतिविधियां चलाने की अनुमति सरकार नहीं दे पा रही है।

नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि पचमढ़ी अभयारण्य की सीमा में नजूल की काफी भूमि थी। सुप्रीम कोर्ट में केस चल रहा था जिसमें सरकार जीत गई है। इन क्षेत्रों में विकास प्रतिबंधित था। पचमढ़ी नगर वन भूमि में था, ऐसा वन विभाग का कहना था। इसकी नाप के बाद सरकार हाईकोर्ट गई जिसका फैसला सरकार के पक्ष में आया। अब इस भूमि पर पर्यटकों को आकर्षित करने वाले प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। यहां विकास की बहुत संभावनाएं हैं। मंदसौर में कृषि समागम का जिक्र करते हुए मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जीडीपी खेती से बढ़ती है। इसलिए सरकार ने इस पर फोकस किया है। इसके लिए सीएम किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जान रही है। कम खाद से अधिक उत्पादन पर फोकस किया जा रहा है। आगे इसी तरह के कार्यक्रम अगले माह नरसिंहपुर और सतना में होंगे।

नए जिलों में खाद्य विभाग के कार्यालय खोले जाएंगे

विजयवर्गीय ने बताया कि कैबिनेट बैठक में मऊगंज समेत तीनों नए जिलों में खाद्य विभाग के नए जिला कार्यालय खोलने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। इसके साथ ही निवाड़ी तथा तीनों नए जिलों में नाप तौल विभाग का भी दफ्तर खुलेगा।

नक्सल मूवमेंट वाले जिलों में 850 कार्यकर्ता तैनात होंगे

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि वर्ष 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने के लिए सरकार सक्रिय है। इस मूवमेंट के चलते नक्सलवादी समर्पण करने के लिए प्रयासरत हैं। एमपी में बालाघाट, मंडला, डिंडोरी में उनके आवागमन की सूचना रहती है। ऐसे में सरकार 850 ऐसे कार्यकर्ता खड़े कर रही है जो सरकार को नक्सलियों के मूवमेंट की जानकारी देगी। इसके लिए राज्य सरकार ने 850 पदों का सृजन किया है। हर कार्यकर्ता को 25 हजार रुपए मानदेय दिया जाएगा। ये लोग संबंधित गांव के ही होंगे।

### इन मुद्दों पर भी कैबिनेट बैठक में हुई चर्चा

दिव्यांग बच्चों के ओलिंपिक में एमपी के दो युवाओं को एक-एक करोड़ रुपए देने का फैसला किया गया है। जिला पेंशनर्स कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को कम कर दूसरे विभागों में भेजा जाएगा। केंद्रीयकृत पेंशन प्रकोष्ठ का गठन कर पेंशनर्स को सुविधा देने का काम किया जाएगा। बैठक में हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल के बच्चों के रिजल्ट पर चर्चा हुई। नई शिक्षा नीति में किसी को सप्लीमेंट्री नहीं दी गई है। जो फेल हुए हैं वे जून में होने वाली परीक्षा में फिर शामिल होकर पास होने का मौका पा सकते हैं। पिछले साल 5.85 लाख किसानों से 40 लाख मीट्रिक गेहूं खरीदा था। बोनस देने के कारण किसानों ने शासकीय खरीदी केंद्रों में गेहूं बेचा है। सिंचाई का रकबा बढ़ने से पता चलता है कि गेहूं की खरीदी अच्छी हुई है। इस साल 8.76 लाख किसानों से 15 मार्च से 5 मई के बीच 76 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है जो आज स्लाट बुकिंग के आधार पर 81 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है। 16472 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

---

» न्यूज कैप्सूल »

## रेप जिहाद के मुख्य आरोपी को मिल रही थी स्कॉलरशिप

### राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम के दौरे से हुआ खुलासा, शार्ट अटेंडेंस के बाद भी परीक्षा में बैठने दिया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल टीआईटी कॉलेज की छात्राओं के साथ बहुचर्चित रेप जिहाद मामले में रोज नए नए खुलासे हो रहे हैं। जांच जैसे जैसे आगे बढ़ रही है वैसे वैसे ही मामले में चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में लव और रेप जिहाद के मुख्य आरोपी को स्कॉलरशिप मिलने की जानकारी सामने आई है। यह खुलासा राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम के दौरे से हुआ है।

बता दें कि सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (टीआईटी) कालेज का दौरा किया था। दौरे में आरोपियों की अटेंडेंस का सही रिकॉर्ड नहीं मिला है। कॉलेज में पढ़ने के दौरान रेप जिहाद के मुख्य आरोपी फरहान को कॉलेज की ओर से 55 हजार रुपए की स्कॉलरशिप मिल रही थी। अटेंडेंट पर्याप्त नहीं होने के बाद भी स्कॉलरशिप मिलना समझ से परे है। इसी तरह अपर्याप्त अटेंडेंस के बाद भी परीक्षा में बैठने दिया गया था।

## लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

### उपभोक्ताओं से की लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील

**भोपाल।** प्रदेश में 10 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत अदालत में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिये निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को ही प्रकरणों में छूट दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

#### प्री-लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत?येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

#### लिटिगेशन स्तर पर

कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छ: माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

---

अधूरे हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का विरोध

## गंगानगर, 12 नंबर-बाग मुगालिया के रहवासियों ने कलेक्टोरेट पर किया प्रदर्शन

**भोपाल।** भोपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई हाउसिंग प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। गंगानगर, 12 नंबर और बाग मुगालिया में अब तक मकान हैंडओवर नहीं किए जा सके हैं, जबकि मार्च 2025 से फ्लैट्स सौंपे जाने थे। यह मुद्दा विधानसभा में भी उठ चुका है। वहीं, मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और मेन गेट पर ही सड़क पर बैठ गए, ताकि उनकी समस्या का जल्द समाधान हो सके। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम ने दिसंबर 2025 तक मकान देने का वादा किया है, लेकिन सभी लोगों को मकान मिलेंगे, इसकी संभावना कम है। क्योंकि, अब तक कई बिल्डिंग के स्ट्रक्चर भी खड़े नहीं हुए हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट के बाहर एकत्र हुए और 'हम अपना अधिकार मांगते हैं' जैसे नारों के साथ कलेक्टर ऑफिस पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द उन्हें उनके मकान सौंपे जाएं।



### मकान नहीं मिलने से परेशानी

बता दें कि मकान देने में देरी का सबसे ज्यादा असर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और मध्यम आय वर्ग परिवारों पर पड़ रहा है। लोग समय पर अपने घर पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वे किराए, लोन और अन्य खर्चों में अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। 12 नंबर बस स्टॉप, गंगानगर और बाग मुगलिया के हितग्राहियों ने पिछले साल अक्टूबर के महीने में नगर निगम कार्यालय का घेराव किया था। तब कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव ने हितग्राहियों की बैठक कर आश्वासन दिया था कि दिसंबर 2024, जनवरी 2025 और मार्च 2025 में पजेशन दे दिया जाए, लेकिन कमिश्नर के आश्वासन का कोई असर नहीं हुआ।

### घर नहीं मिलने से दोहरा नुकसान उठा रहे लोग

हितग्राही लोकेंद्र श्रीवास्तव, पवन शाक्य ने बताया, साल 2017 में नगर निगम ने बड़े-बड़े दावे कर फ्लैट्स की बुकिंग शुरू की थी। 2018 में मैंने 12 नंबर प्रोजेक्ट में आवास बुक कराया था। उस वक्त 18 माह में प्रोजेक्ट पूरा करने का दावा किया था, लेकिन 7 साल बाद भी आवास कब तक बनेंगे, ये खुद निगम अधिकारी नहीं बता पा रहे। प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ तो निगम ने ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर उसका टेंडर निरस्त कर दिया था, फिर नई कंपनी को टेंडर दिया गया है। इसके बावजूद अब तक घर हैंडओवर नहीं किया गया है। इस कारण बैंक लोन के साथ मकान का किराया भी चुका रहे हैं। राजेंद्र जोशी ने बताया, 4 साल पहले गंगानगर प्रोजेक्ट में 29 लाख रुपए जमा करके फ्लैट बुक कराया था। निगम ने पहले आओ, पहले पाओ का वादा भी किया था, लेकिन आज तक मकान नहीं मिला है। उम्मीद भी नहीं है कि जल्दी मकान मिलेगा। दूसरी ओर, परिवार किराये के मकान में रह रहा है। इससे हमारे ऊपर दोहरी मार पड़ रही है। किराया और बैंक की किश्त दोनों भर रहे हैं।

---

## मप्र में पेंशन कार्यालय में स्टाफ घटाया जाएगा



### ऑनलाइन व्यवस्था होने के कारण इस स्टाफ का उपयोग अन्यत्र किया जाएगा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी जिलों में जो पेंशन कार्यालय हैं वहां के स्टाफ को कम कर जाएगा। एक केंद्रीय प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। दरअसल, पेंशनर्स की संख्या कम होती जा रही है और स्टाफ अधिक है। ऑनलाइन व्यवस्था होने के कारण इस स्टाफ का उपयोग अन्यत्र किया जाएगा।

पचमढ़ी शहर की भूमि जो वन विभाग दावा करता था कि हमारी है, उसे राजस्व विभाग को देने का निर्णय लिया गया। सुप्रीम कोर्ट में चल रहे प्रकरण में हुए आदेश के मद्देनजर निर्णय लिया गया है। इससे अब क्षेत्र में विकास की गतिविधियां तेज हो सकेंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि पचमढ़ी को पर्यटन के नक्शे पर तेजी से उभरने में इस निर्णय से मदद मिलेगी।

### अभी तक 81 लाख टन गेहूं की खरीदी

मुख्यमंत्री ने कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में इस बार अभी तक 81 लाख टन गेहूं का समर्थन मूल्य पर आठ लाख से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा चुका है। जिन किसानों ने स्लाट बुकिंग कर ली है, उनसे नौ मई तक गेहूं लिया जाएगा। अभी तक किसानों को 16500 करोड रुपए का भुगतान कर दिया गया है। ओलंपिक विजेता टीम के सदस्य को जिस तरह प्रदेश में एक करोड रुपए की सम्मान निधि दी जाती है वैसी ही उन दिव्यांग खिलाड़ियों को भी दी जाएगी जिन्होंने पैरा ओलंपिक में पदक प्राप्त किए हैं ऐसे प्रदेश के दो खिलाड़ी हैं। अभी 50 लाख रुपए दिए जाते थे, जिसे बढ़ाकर एक करोड़ रुपए करने का निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है।

---

## वित्त विभाग ने सभी विभागों के लिए जारी की गाइडलाइन

### 10 लाख तक की कार में ही चलेंगे कलेक्टर-एसपी

**भोपाल।** मप्र में ब्यूरोक्रेट्स अब अपनी मनमानी की सरकारी गाड़ी में नहीं चल सकेंगे। इस संदर्भ में वित्त विभाग ने सभी सरकारी विभागों में नए वाहनों की खरीदी के लिए नई गाइडलाइन्स जारी की हैं। अधिकारी अपनी ग्रेड के आधार पर 7 से 18 लाख तक के वाहन खरीद सकेंगे। गाइड लाइन के अनुसार कलेक्टर-एसपी स्तर के अधिकारी 10 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली गाड़ियों में सफर नहीं कर सकेंगे। कमिश्नर भी 12 लाख रुपए तक की पेट्रोल-डीजल और सीएनजी कारों का ही यूज करेंगे। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी के अलावा ईवी भी खरीदने की पात्रता अधिकारियों को दी गई है। जरूरत के आधार पर विभाग वाहन किराये पर भी ले सकेंगे। वित्त विभाग ने सोमवार को नए वाहनों की खरीदी और वाहन किराये पर लेने के लिए सभी सरकारी विभागों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

दरअसल, वित्त विभाग ने नए वाहनों की खरीदी और वाहन बदलने को लेकर जो गाइडलाइन जारी की उसके अनुसार अधिकारियों के वेतनमान के आधार पर गाड़ियों की अधिकतम कीमत का निर्धारण किया है। गाइडलाइन के मुताबिक उपसचिव और अपर सचिव स्तर के आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारी अब तय सीमा से अधिक कीमत के वाहन का उपयोग नहीं कर सकेंगे। विभाग ने अखिल भारतीय सेवा के इन अफसरों का सातवें वेतन मान के आधार पर वेतन मैट्रिक्स तय कर गाड़ियों की कीमतें तय की हैं। ऐसे में इन अधिकारियों द्वारा उपयोग की जा रही लग्जरी गाड़ियों के उपयोग पर बैन की स्थिति बन सकती है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को तय फॉर्मेट में अपनी आवश्यकता भेजने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने निर्देश दिए हैं कि उपलब्ध बजट और वाहन की आवश्यकता बताते हुए प्रस्ताव देना होगा। वाहन वित्त विभाग की स्वीकृति के बाद ही खरीदा जा सकेगा। जो वाहन तय 15 साल की अवधि पूरी कर चुके हैं, उन्हें स्क्रैप पॉलिसी के मुताबिक स्क्रैपिंग के लिए देकर सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट दिखाना होगा। इसके बाद वित्त विभाग उनके स्थान पर नए वाहनों की खरीदी की स्वीकृति देगा।

### वाहनों के लिए स्लैब तय

आमतौर पर अखिल भारतीय सेवा में उप सचिव (सातवें वेतन मान के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल 12) या अपर सचिव (वेतन मैट्रिक्स लेवल-13) स्तर के जिला कलेक्टर के लिए भी गाड़ी की कीमत तय की गई है। उपसचिव वेतनमान वाले आईएएस को 7 लाख तक पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और 10 लाख तक ईवी की पात्रता होगी। अपर सचिव वेतनमान वाले आईएएस अफसर दस लाख रुपए कीमत वाले पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या हाइब्रिड वाहन का उपयोग कर सकेंगे। इलेक्ट्रिक वाहन में यह लिमिट 15 लाख होगी। मैट्रिक्स लेवल की यही स्थिति पुलिस महकमे में एसपी, डीआईजी स्तर और वन महकमे में डीएफओ, एसीएफ स्तर के अधिकारियों पर लागू होगी। वित्त विभाग ने नए वाहनों की खरीदी और वाहन बदलने को लेकर भी निर्देश जारी किए हैं। वाहन की कमी होने पर विभाग उपलब्ध बजट का उल्लेख करते हुए वित्त विभाग को जानकारी देंगे। पहले से उपलब्ध वाहन की निर्धारित अवधि पूरी होने के आधार पर वित्त विभाग परमिशन देगा। वित्त विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, कलेक्टरों, संभागीय आयुक्तों को इस संबंध में जारी निर्देश का पालन करने को कहा है।

### कमिश्नर के लिए यह व्यवस्था

गाइडलाइन के मुताबिक अपर सचिव स्तर के अधिकारी (सातवें वेतनमान में मैट्रिक्स लेवल 13) दस लाख तक के पेट्रोल, डीजल और सीएनजी वाहन तथा 15 लाख तक के ईवी उपयोग कर सकते हैं। वहीं, सचिव स्तर के (सातवें वेतन मान में मैट्रिक्स लेवल 14 ) वाले अधिकारी 12 लाख तक की पेट्रोल, डीजल, सीएनजी या हाइब्रिड गाड़ी और 18 लाख तक की ईवी का उपयोग कर सकेंगे। आईपीएस, आईएफएस में भी यही वेतन मैट्रिक्स लागू होगा। जारी निर्देशों के मुताबिक अखिल भारतीय सेवा के सातवें वेतन मान के मैट्रिक्स लेवल 14 या उससे अधिक लेवल के आईएएस अफसर 12 लाख तक की गाड़ी और 18 लाख तक की ईवी उपयोग कर सकेंगे। यानी सचिव, प्रमुख सचिव, अपर मुख्य सचिव और मुख्य सचिव एक ही कीमत वाले वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। आईपीएस, आईएफएस में भी यही वेतन मैट्रिक्स लागू होगा। वहीं क्लास 2 और 3 कैटेगरी के अफसरों के लिए पेट्रोल, डीजल, सीएनडी, हाइब्रिड वाहनों की कीमत 7 लाख रुपए तय की गई है। ईवी के मामले में यह 10 लाख तक हो सकती है। अखिल भारतीय सेवा में इस कैटेगरी में मैट्रिक्स लेवल 10, 11 और 12 के अधिकारी शामिल होंगे। इसी तरह क्लास 3 अफसरों में सातवें वेतनमान मैट्रिक्स लेवल 9 और 10 वाले अफसर इतनी कीमत वाले वाहनों का उपयोग कर सकेंगे। केंद्र की स्क्रैपिंग पॉलिसी के मुताबिक 1 अप्रैल 2024 से 15 साल से अधिक पुराने सरकारी वाहन हटने थे, पर मप्र सहित लगभग सभी राज्यों में इनकी लिस्टिंग ही पूरी नहीं हो सकी। इस वजह से अब तक इन्हें हटाने का काम प्रारंभिक तौर पर ही जारी है। मप्र में भी सरकारी वाहनों की लिस्टिंग 2024 से शुरू हुई थी, जो अब तक जारी है।

---

## मप्र में जून के दूसरे सप्ताह में होगी मानसून की एंट्री

### मौसम विभाग ने मानसून पर जारी किया अनुमान

**भोपाल।** किसानों के लिए राहत और जनता को गर्मी से निजात देने के लिए मानसून की एंट्री को लेकर हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। मप्र में मानसून का इंतेजार करने वाले खुश हो जाएं। क्योंकि बहुत जल्द प्रदेश पानी से तरबतर हो जाएगा। जानिए 2025 में मप्र सहित भारत में मानसून कब देगा दस्तक कैसी होगी बारिश।

जून के दूसरे सप्ताह में हो सकती है मानसून की एंट्री। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार बारिश सामान्य होगी। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर संत कुमार शर्मा ने बताया कि, 2025 में भारत में औसत बारिश होने की संभावना है, भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि मानसून की मौसमी वर्षा दीर्घावधि औसत का 105 प्रतिशत हो सकती है। यह दर्शाता है कि 2025 में मानसून के दौरान सामान्य बारिश होने की उम्मीद है। विभाग 5 प्रतिशत का मार्जिन लेकर अनुमान लगाता है इसलिए इसे सामान्य वर्षा ही कही जाएगी। मप्र में भी 2024 के मुकाबले कम बारिश हो सकती है।

### 7 मई से मौसम लेगा करवट, गर्मी झुलसाएगी

यह तो हो गई जून की बात। अब आपको बताते हैं कि मप्र में मई में मौसम कैसा रहेगा। तो आपको बता दें कि 7 मई तक मप्र में ओला बारिश और तूफान की संभावना जताई जा रही है। इसके बाद एक बार फिर मौसम करवट लेगा और लोगों को गर्मी की तपन से जूझना पड़ेगा। खास तौर पर चंबल अंचल, बुंदेलखंड और मध्य भारत के इलाके की 40 डिग्री तापमान से ज्यादा में रहने की उम्मीद है। बात करें मप्र की तो, 2024 में 21 जून को मानसून की पांढुर्ना, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी और अनूपपुर जिलों में सबसे पहले दस्तक हुई थी। वहीं आखिरी में ग्वालियर-चंबल पहुंचा था। पिछले साल मप्र में जमकर बारिश हुई थी। अधिकतर जगह नदी-नाले ऊफान पर आ गए थे। जिसमें जान-माल का भी नुकसान हुआ था।

### सामान्य से 18 फीसदी ज्यादा हुई थी 2024 में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून सीजन 2024 में भारत में 934.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जो दीर्घावधि औसत का 108 प्रतिशत तथा और 2020 के बाद से सबसे अधिक बारिश है। मध्य भारत में इस क्षेत्र के दीर्घकालिक औसत से 19 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई थी। दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से 14 फीसदी ज्यादा तथा उत्तर-पश्चिम भारत में सामान्य से 7 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई थी।

### मानसून का कैसे लगाया जाता है पता

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर संत कुमार शर्मा ने बताया कि, मानसून का पता लगाना एक कठिन प्रक्रिया है, जिसमें कई बातों को ध्यान में रखा जाता है, जैसे कि मौसम संबंधी डेटा, समुद्र की सतह का तापमान और हवा के दबाव का पैटर्न। यह आंकलन कई तरीकों से किया जाता है। जिनमें से प्रमुख हैं मौसम संबंधी मॉडल, सांख्यिकीय पूर्वानुमान और मानव विशेषज्ञता का ध्यान रखा जाता है। सबसे पहले, तापमान, वायुदाब, आर्द्रता और वर्षा जैसे विभिन्न मौसम संबंधी डेटा को इकट्ठा किया जाता है, जैसे कि जमीन आधारित स्टेशन, समुद्र आधारित स्टेशन, वायुमंडल आधारित स्टेशन और उपग्रहों से मील डेटा को मिलाया जाता है और इक्कठे किए गए डेटा को प्रोसेस किया जाता है। मौसम संबंधी मॉडलों का उपयोग करके पूर्वानुमान लगाया जाता है। इन मॉडलों में कई बातों को ध्यान में रखा जाता है।

---

## 30 वर्षों से मेंटेनेंस की बाट जोह रहा है इकलौता कम्युनिटी हॉल

### थदाराम कम्युनिटी हॉल के जीर्णोद्धार की मांग

**भोपाल।** संत नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित थदाराम कम्युनिटी हाल को वर्तमान समय अनुसार सर्व सुविधा युक्त किया जाए जिससे इस कम्युनिटी हाल का उपयोग शादी एवं मंगल कार्यों में मध्यम वर्ग के लोग भी आसानी से कर सके। 30 वर्ष पूर्व बना यह कम्युनिटी हॉल मेंटेनेंस की बाट जोह रहा है। इस कम्युनिटी हॉल का निर्माण तत्कालीन उप महापौर थदाराम ज्ञानचंदानी के प्रयासों से हुआ था। कम्युनिटी हॉल में पानी की सुविधा तथा पर्याप्त सफाई व्यवस्था एवं लाइट की व्यवस्था न होने से लोग इसे शादी एवं मंगल कार्यों के लिए किराए पर नहीं ले रहे है। जिस कारण पूरे वर्ष में यहां पर तीन चार ही दिन शादी की बुकिंग रहती है।

इस कम्युनिटी हॉल पर भूमाफिया की निगाहें लगी हुई है माफिया के लोग कम्युनिटी हॉल को खत्म करवा कर यहां पर शॉपिंग मॉल बनवाना चाहते हैं। जिससे प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों से 60 सांठ गांठ कर शॉपिंग मॉल की दुकानों को कौड़ियों के दाम में लेकर लाखों में बेचकर माल कमा ले। 3 लाख आबादी वाले उपनगर का यह इकलौता कम्युनिटी हाल है। जब यह कम्युनिटी हॉल बना था तब उपनगर की आबादी मात्र एक लाख थी जनता को ऐसा आभास हो रहा था कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ेगी सरकार गरीब तथा मध्यम वर्ग की सुविधाओं के लिए यहां पर हर वार्ड में कम्युनिटी हॉल स्थापित करेगी लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि भू माफिया इकलौता कम्युनिटी हाल भी अब उनसे छीनने का प्लान बना रहा है।

## संपादकीय

# नागरिक सुरक्षा को लेकर बेपरवाह सरकारें और न्यायपालिका

भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को संविधान से संरक्षित किया है। प्रतीक नागरिक के जीवन की स्वतंत्रता उसकी संपत्ति और अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता नागरिकों के मौलिक अधिकारों में शामिल है। पिछले कई वर्षों से नागरिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ गई है। पिछले कुछ वर्षों में भीड़ तंत्र जिस तरह का उत्पात मचा रहा है। उसमें नागरिकों की केवल स्वतंत्रता ही खत्म नहीं हो रही है। उनका जीवन भी खतरे में पड़ गया है। उसकी सुरक्षा करने की जो जिम्मेदारी पुलिस और न्यायपालिका की थी वह भी निष्क्रिय होकर तमाशा देख रही है, जिसके कारण अब लोगों को अपने जीवन के साथ संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्मादी भीड़ के सामने निरीह नागरिक ना तो अपनी संपत्ति की सुरक्षा कर पा रहा है ना ही अपनी जान को बचा पा रहा है। पुलिस खड़े होकर तमाशा देखती रहती है। जिला प्रशासन और न्यायपालिका ने भी चुप्पी साध कर रखी हुई है। पीड़ित व्यक्ति जब अपनी गुहार लगाने के लिए थाने और न्यायालय की शरण में जाता है। जब वहां पर भी उसे कोई राहत नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में लोग पलायन करके अपनी जान बचाते हुए यहां से वहां भागते हुए दिख रहे हैं। भारतीय संविधान ने नागरिकों के जो अधिकार सर्वोच्चता के साथ रखे थे कार्यपालिका और विधायिका को संविधान में पाबंद किया था कि वह नागरिक सर्वोच्चता को बनाए रखेगी ऐसा कोई भी कानून और नियम नहीं बन सकेगी जो नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन करते हों संविधान ने न्यायपालिका को यह जिम्मेदारी दी थी। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का यदि कहीं हनन होता है, तो उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी न्यायपालिका की है। लेकिन पिछले एक दशक से न्यायपालिका जिस तरह से सरकार के दबाव में काम करती हुई दिख रही है। उसके कारण स्थिति अब बहुत खराब हो गई है। भीड़ किसी भी सामान्य नागरिक की जान ले लेती है। उसका धंधा उजाड़ देती है। संगठित भीड़ किस तरह से हिंसा कर रही है। वह सभी को आश्चर्य में डाल रही है। इस हिंसा के कारण लोग विरोध करने के स्थान पर अपने आप को बचाने के लिए अपने ही स्तर पर जो कर सकते हैं, करने की कोशिश करते हैं। कुछ लोग अपनी जान और धंधे पानी को बचा लेते हैं और कुछ सब कुछ गवाँ देते हैं पिछले एक दशक से भारत में यही देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2019 में सांप्रदायिक दंगों के 2322 मामले दर्ज किए गए इसमें 1257 लोगों की मौत हो गई। 2000 से अधिक लोग घायल हुए 10000 से अधिक हिंसक सार्वजनिक घटनाएं हुई। जिसमें बड़े पैमाने पर आगजनी हमले और व्यवसायों को नष्ट किया गया। मणिपुर की घटना सबके सामने है 2020 के बाद से सांप्रदायिक अशांति बड़ी तेजी के साथ फैलती जा रही है। 2020 में नागरिक संशोधन अधिनियम को लेकर देशभर में भारी प्रदर्शन हुए देश की राजधानी दिल्ली में हुए दंगे में सेकंड लोग मारे गए सैकड़ो लोग घायल हुए। दक्षिण के राज्य कर्नाटक के बेंगलुरु में भी एक बड़ी भीड़ ने पुलिस स्टेशनों पर हमला कर दिया वाहनों में आग लगा दी। पश्चिम बंगाल में पिछले कई वर्षों से लगातार सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ाया जा रहा है। चुनाव के दौरान यह हिंसा अपने जन्म पर होती है। राज्य के चुनाव में कुछ बिहार नंदीग्राम और वीर भूमि में राजनीति से प्रेरित हिंसा में 47 से ज्यादा लोगों की मौत हुई। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर जाना पड़ा आज भी वह विस्थापित के रूप में रह रहे हैं। यही हाल मणिपुर में है। 2 साल से वहां पर हिंसा हो रही है केंद्र सरकार राज्य सरकार और सुप्रीम कोर्ट मिलकर भी इस हिंसा में नागरिकों की सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड के डेटा मैं पिछले वर्षों में 36 फ़ीसदी सांप्रदायिक झड़पें बढ़ गई हैं। राज्य सरकार केंद्र सरकार स्थानीय पुलिस और न्यायपालिका की चुप्पी इस तरह की हिंसा को बढ़ावा दे रही है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय नागरिक को सम्मान के साथ जीवन की सुरक्षा का अधिकार दिया है। सामाजिक और धार्मिक रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दी है लेकिन यह संविधान की बंद किताबों में है। अब इसको लेकर ना तो न्यायपालिका जागरुक है और ना ही कार्यपालिका अपनी जवाब देही को पूरा कर रही है। हर जगह अराजकता की स्थिति देखने को मिल रही है। ऐसे समय में अब नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वह संगठित होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ें शासन और प्रशासन के भरोसे रहने से अब जो संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं। वह सुरक्षित रहने वाले नहीं हैं। नागरिकों को अपने अधिकारों के लिए निडरता के साथ सड़कों पर आना होगा अपने अधिकार और कर्तव्यों की लड़ाई शांतिपूर्ण ढंग से लड़ते हुए अपने अधिकारों को यदि सुरक्षित बनाए रखने में सफल हुए तो ठीक है जब बच्चा रोता है, तभी मां उसे दूध पिलाती है लोकसभा में पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली साहब कह चुके हैं यदि जनता को कोई तकलीफ है तो वह अपना विरोध सड़कों पर आकर प्रदर्शित करे यदि ऐसा नहीं करती है, तो सरकार को कैसे पता लगेगा की लोक सरकार के निर्णय से खुश हैं या नाखुश है यह बात उन्होंने नोटबंदी के मामले में विपक्ष को जवाब देते हुए कही थी भारतीय संविधान में प्रत्येक नागरिक को समानता न्याय और गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार दिया है इस अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी नागरिकों की है। जब नागरिक अपने अधिकार और कर्तव्य से विमुख होते हैं। तभी यह अधिकार उनसे छीन लिए जाते हैं यही वर्तमान में हो रहा है।

– सनत जैन

# कबाड़ से जुगाड़ के नवाचार की सौन्दर्यमयी चमक



ललित गर्ग

> कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं।

'कबाड़ से जुगाड़' सिर्फ़ एक तरीका नहीं, बल्कि एक रचनात्मक दर्शन है जो संसाधनशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। यह अपसाइकल की गई रचनाओं और सरल समाधानों के माध्यम से अपरंपरागत सोच की शक्ति का प्रमाण है। 'कबाड़ से जुगाड़' का दर्शन बेकार वस्तुओं को उपयोगी बनाने और संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देता है। यह दर्शन हमें नए और रचनात्मक समाधान खोजने के लिए प्रेरित करता है, जो मौजूदा समस्याओं को हल करने में मदद करते हैं और इससे कचरे को कम करने और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। यह आत्मनिर्भरता का भी दर्शन है, जो हमें अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद पर निर्भर रहने के लिए प्रोत्साहित करता है, यह दर्शन जटिल समस्याओं के लिए सरल और व्यावहारिक समाधान खोजने पर जोर देता है।

जुगाड़ एक बोलचाल का हिंदी शब्द है जिसका मतलब है अपरंपरागत, किफायती नवाचार। कबाड़ से बने म्यूरल, पार्क और अन्य कलाकृतियां 'कबाड़ से जुगाड़' के उपक्रम को दर्शाती हैं। कबाड़ से बनाए गए टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, वाटर प्यूरीफायर आदि कबाड़ से जुगाड़ के उदाहरण है। चंडीगढ़ का रॉक गार्डन, जुन्नारदेव जनपद पंचायत के बरेलीपार गांव के ग्रामीणों का कबाड से बना स्वच्छता पार्क एवं मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान ऐसे विरल एवं अनुकरणीय उदाहरण हैं जो राष्ट्रीय फलक पर चमक रहे हैं। कबाड़ से जुगाड़ बेकार की वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं बनाने की एक प्रक्रिया है। कबाड़ से जुगाड़ ना केवल हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए बहुत सहायक है बल्कि यह अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान का भी एक सटीक उपाय है। इसके माध्यम से हम ऐसी अनुपयोगी वस्तुओं को फेंकने की जगह उनसे कुछ उपयोगी वस्तुएं बना सकते हैं। कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दिया जा सकता है, जो रचनात्मकता एवं सृजनात्मकता की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। हम भारतवासी वैसे भी जुगाड़ू होते हैं जो अपना काम बनाने के लिए हर जगह कुछ ना कुछ जुगाड़ कर लेते हैं। यदि हम अपनी रचनात्मकता कबाड़ से जुगाड़ में लगाएं तो दिनों दिन बढ़ते जा रहे कचरे के निपटान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इससे प्लास्टिक एवं ई-कचरे में निरंतर कमी आती जाएगी और पर्यावरण संरक्षण भी बढ़ेगा। संसाधनों पर वह भी बोझ कम पड़ेगा।

मेरठ का 'कबाड़ से जुगाड़' अभियान अब राष्ट्रीय फलक तक चमका, एक सकारात्मक सोच एवं सृजन का अनूठा उदाहरण बन गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 93वें संस्करण में योगी आदित्यनाथ सरकार के इस प्रयास की काफी सराहना की। शहरों को संवारने के प्रदेश सरकार के सपनों को साकार करते हुए मेरठ नगर निगम ने निष्प्रयोज्य वस्तुओं से कम लागत में ही शहर की आभा में चार चांद लगा दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण की सुरक्षा और शहर के सुंदरीकरण से जुड़ा है। निष्प्रयोज्य वस्तुएं स्क्रैप, पुराने टायर, कबाड़, खराब ड्रम से भी कम खर्चे में कैसे शहर को संवारा जा सकता है, मेरठ इसकी बानगी है। कम खर्चे में सावर्जनिक स्थलों का सुंदरीकरण कैसे हो, यह अभियान इसकी मिसाल है। खराब पड़ी चीजों का प्रयोग कर शहर को सजाया गया। गांधी आश्रम चौराहा, गढ़ रोड पर लोहे के स्क्रैप, पुराने पहियों से फाउंटेन निर्मित कराया गया। सर्किट हाउस चौराहे पर लाइट ट्री, पुराने बेकार ड्रमों से स्ट्रीट इंस्टलेशन, हाथ ठेली के बेकार पहियों से बैरिकेडिंग कर मिनी व्हील पार्क, जेसीबी के पुराने टायरों से डिस्प्ले वॉल, पार्कों में बैठने के लिए स्टूल मेज आदि की व्यवस्था की गई। मेरठ नगर निगम ने शहर को चमकाने के लिए अनोखे प्रयोग किए, जो काफी सफल रहे। दरअसल नगर निगम में बने गोदाम में पड़े कबाड़ की न तो उचित कीमत मिल रही थी और न ही इसका सही उपयोग एवं निपटान हो रहा था, पर योगी सरकार की पहल पर नगर आयुक्त अमित पाल शर्मा ने शहर को जगमगाने का निर्णय लिया। लाइटिंग वाला कृत्रिम पेड़ भी न सिर्फ लोगों को आकर्षित कर रहा है, बल्कि शहर की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। इसकी आभा देख लोग निहाल और अचंभित हो रहे हैं।

कबाड़ से जुगाड़ का मतलब है बेकार पड़ी चीजों से कुछ उपयोगी या रचनात्मक बनाना, जैसे कि कचरे से सुंदर सजावटी वस्तुएं, या बेकार प्लास्टिक से जूते-चप्पल बनाना। ग्रामीणों ने कबाड़ से एक सुंदर स्वच्छता पार्क बनाया, जिसमें सजावटी वस्तुएं, आरामदायक बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित कलाकृतियाँ शामिल हैं। बच्चों को सिखाने के लिए कबाड़ के सामान से खिलौने बनाए जा सकते हैं, जैसे कि टेलीस्कोप, लेजर लाइट ब्लोइंग कार, रबर बैंड नाव, टेबल लैंप, वाटर प्यूरीफायर आदि। बेकार लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य सामग्रियों से फर्नीचर बनाया जा सकता है, जैसे कि टेबल, कुर्सी, और अलमारी। कबाड़ से कलाकृतियाँ बनाई जा सकती हैं, जैसे कि पेंटिंग, मूर्तिकला, और सजावटी वस्तुएं। पुराने कपड़ों से नए कपड़े या बैग बनाए जा सकते हैं। कबाड़ से खाद और अन्य उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जो खेती के लिए उपयोगी हो सकती हैं। जयपुर फुट, यह एक कृत्रिम अंग है जो कम लागत में बनाया जाता है और यह 'जुगाड़' मानसिकता का एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्लास्टिक के कबाड़ को रिसाइकल करके उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं, जैसे कि प्लास्टिक दाना जो फुटवियर फैक्ट्रियों में इस्तेमाल होता है। कबाड़ से विभिन्न उपकरण बनाए जा सकते हैं, जैसे कि पानी फिल्टर, यांत्रिक उपकरण आदि। कबाड़ से सजावटी वस्तुएं बनाई जा सकती हैं, जैसे कि विंड चाइम, फोटो फ्रेम, फूलों के गमले, आदि। जो सामान घर में उपयोग ना हो तो वह कबाड़ में तब्दील हो जाता है। इसके बाद उसे ऐसे ही बाहर फेंक दिया जाता है। अगर यही कबाड़ आपकी सेहत बनाने का काम करने के साथ ही गांव और शहर की सुंदरता में चार चांद लगा दे तो यह अपने आपमें चर्चा एवं अनुकरणीय उदाहरण बन जाता है। कुछ ऐसा ही किया है आदिवासी ग्राम पंचायत बरेलीपार के लोगों ने, खेतों में उपयोग होने वाले औजारों सहित घर की खराब वस्तुओं का उपयोग कर ग्रामीणों ने ऐसा काम किया कि जो भी देखता है तो दंग रह जाता है। कबाड़ से ग्रामीणों ने स्वच्छता पार्क बनाने के साथ ही हेलीकॉप्टर तक बना दिया। कबाड़ के जुगाड़ से ग्रामीणों ने सुंदर पार्क का निर्माण किया तो लोगों की सेहत बनाने में भी कारगर साबित हो रहा है।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करोड़ टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्तेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्पयूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं। इस ई-कचरे का निपटान बड़ी समस्या है। इसी क्रम में पूर्व दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एकड़ में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी कड़ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

## सुविचार

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

– महाभारत

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। (कर्म करने में ही तुम्हारा अधिकार है, फल में कभी भी नहीं) – गीता

## प्रसंग

### सबसे बड़ी मदद

एक बार बेंजामिन फ्रैंकलिन ने एक धनी व्यक्ति की मेज पर कुछ सिक्के रखते हुए कहा, आपने बुरे वक्त में जो सहायता की थी, मैं उसके लिए बहुत आभारी हूं। पर अब मैं अपनी मेहनत से इतना सक्षम हो गया हूं कि आपका कर्ज वापस कर सकूं। मैं यह सिक्के आपको वापस करने आया हूं। बेंजामिन फ्रैंकलिन की बात सुनकर वह सज्जन उन्हें घूरते हुए बोले, क्षमा करिए, पर मैंने आपको पहचाना नहीं। न ही मुझे यह याद है कि मैंने किसी को उधार दिया था। बेंजामिन ने कहा, मैं उन दिनों एक प्रेस में अखबार छापने का काम करता था। एक दिन अचानक मेरी तबीयत खराब हो गई तब मैंने आपसे बीस डॉलर लिए थे। यह सुनकर उस व्यक्ति ने अपने बीते दिनों को याद किया तो उन्हें स्मरण हो आया कि एक बालक प्रेस में काम करता था और एक दिन उसके बीमार होने पर उन्होंने उसकी मदद की थी। यह याद आने पर उस व्यक्ति ने कहा, हां, मुझे याद आ गया। लेकिन दोस्त, यह तो मनुष्य का सहज धर्म है कि वह आपत्तिग्रस्त व्यक्ति की सहायता करे। इन सिक्कों को आप अपने पास ही रखें और कभी कोई जरूरतमंद व्यक्ति आपकी नजरों में आए, तो उसे दे दीजिएगा। इस बात से बेंजामिन बहुत प्रभावित हुए और उन्हें नमस्कार कर उन सिक्कों को वापस अपने साथ ले आए। इसके बाद उन्होंने एक जरूरतमंद युवक को वे सिक्के दिए। जब उस युवक ने सिक्के लौटने चाहे तो बेंजामिन ने कहा, दोस्त, जब तुम सक्षम हो जाओगे तो अपने जैसे किसी जरूरतमंद को ये सिक्के दे देना। मैं समझूंगा कि मेरे पैसे मुझे मिल गए। वह युवक बोला, मैं ऐसा ही करूंगा। इसके बाद बेंजामिन उस युवक के कंधे पर हाथ रखते हुए बोले, किसी जरूरतमंद की वक्त पर मदद करना ही इंसानियत है।

## जरा हटके

# फ्रांस में मिली 23 हजार साल पुरानी तलवार में बने हैं स्वास्तिक

**पेरिस (ईएमएस)।** भारत से 6,600 किमी दूर फ्रांस में पुरातत्वविदों ने बड़ी खोज की है। पुरातत्वविदों ने दो प्राचीन तलवारें खोजी हैं जो 2300 साल पुरानी हैं। खास बात ये है कि एक तलवार की म्यान पर छोटे-छोटे स्वास्तिक के निशान बने हैं। ये सेल्टिक आयरन एज की हैं। फ्रेंच नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रिवेंटिव आर्कियोलॉजिकल रिसर्च (आईएनआरएपी) के मुताबिक, ये तलवारें यूरोप में अपनी तरह की सबसे खास हैं।

कब्र की खुदाई में मिली चीजों में से ज्यादा धातु के गहने थे। जैसे तांबे के कंगन और 18 टूटी हुई ब्रोच मिले। एक ब्रोच में सोने-चांदी का सजा हुआ रत्न मिला था, चौथी शताब्दी से तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व का है। कुछ गहनों पर ओसेली यानी आंख का डिजाइन बना है। यह उस समय सेल्टिक कारीगरों के बीच बेहद पॉपुलर था। जो तलवार स्वास्तिक वाली है, उसके ब्लेड पर एक्स-रे से सूरज और चांदमुखी चित्र दिखे। वहीं दूसरी लंबी तलवार वास्तव में लड़ाई के लिए थी, जिसे घुड़सवार कमर पर बांधते थे।

खास बात ये है कि एक तलवार की म्यान पर छोटे-छोटे स्वास्तिक के निशान बने हैं। दोनों तलवारें अभी भी अपनी म्यान में ही लगी हैं। तलवारों में से एक तांबे के म्यान वाली है। दूसरी तलवार थोड़ी लंबी है, जिसके म्यान में बेल्ट लगाने के छल्ले अभी भी बचे हैं। जिसे कमर पर पहनने के लिए डिजाइन किया गया है। म्यान के किनारों को कई पॉलिश किए गए रत्नों से सजाया गया है। दो रत्नों पर स्वास्तिक बना है। ये तलवारें फ्रांस के क्रूजिए-ले-न्यूफ नाम के छोटे से कस्बे में 2022 में मिली थीं। उस वक्त यहां 650 वर्ग मीटर की कब्रगाह की खुदाई हो रही थी, जिसमें 100 से ज्यादा कब्रें थीं। मिट्टी के अम्लीय होने की वजह से हड्डियां तो नहीं मिलीं, लेकिन एक कब्र में राख और सजा हुआ मिट्टी का बर्तन मिला। स्वास्तिक हिंदू धर्म में बेहद पवित्र माना जाता है। वहीं दूसरे विश्वयुद्ध के बाद ऐसा ही निशान नाजी शासन के अत्याचारों से जुड़ गया। लेकिन प्राचीन समय में स्वास्तिक के अलग-अलग अर्थ थे। लाइव साइंस की रिपोर्ट के मुताबिक पुरातत्वविद विंसेंट जॉर्जेस बताते हैं कि उस समय सेल्टिक लोग स्वास्तिक को सजावटी डिजाइन के तौर पर इस्तेमाल करते थे। हालांकि, इसका इस क्षेत्र में क्या महत्व था, ये अभी साफ नहीं है।

## फोटो ऑफ द डे




रोमानिया में चुनावों के दौरान राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जॉर्ज शिमानी अपना वोट डालते हुए। (फोटो-ईएमएस)

## राज काज

### अमेरिका ने दी भारत को नसीहत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कब कौन सा रुख अपना लें।कुछ नहीं कहा जा सकता है।भारत को लेकर अमेरिका का नजरिया लगातार बदल रहा है। अमेरिका ने पहले भारत का समर्थन किया था। अमेरिका ने यह भी कहा था कि भारत को अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। अब अमेरिका का रहा है,भारत को टकराव की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। आपस में बातचीत करके मसले को सुलझाना चाहिए।अमेरिका जिस तरह से गिरगिट की तरह रंग बदल रहा है।उसने भारत सरकार की चिंता को बढ़ा दिया है। रही सही कसर चीन पूरा कर रहा है।

### केरल के कम्युनिस्ट मंत्री ने अडानी को बताया भागीदार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में बंदरगाह का उद्घाटन किया। यह बंदरगाह गौतम अडानी की कंपनी के द्वारा तैयार किया गया है।इस समारोह की देश भर में बड़ी चर्चा हो रही है।केरल सरकार के कम्युनिस्ट मंत्री ने गौतम अडानी कोमंच पर बोलते हुए सरकार का भागीदार बताया।इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा,अब तो कम्युनिस्ट भी प्राइवेट पार्टनरशिप का समर्थन कर रहे हैं। इस मंच में कांग्रेस के सांसद शशि थरूर भी शामिल हैं। केरल के इस समारोह में जो हो रहा है।उससे दिल्ली के कई नेताओं की नींद उड़ जाएगी। कम्युनिस्ट पार्टी भी अब अडानी का समर्थन कर रही है। निश्चित रूप से भारत बदल रहा है। इस परिवर्तन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी खुश दिखे।पहलगाम की घटना के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री बिहार केरल आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री अपने राजनीतिक एजेंडा में काम कर रहे हैं। इसको लेकर विपक्ष ने अब उनके ऊपर निशाना साध लिया है।

### 180 देश की सूची में भारत 151वें नंबर पर

प्रेस फ्रीडम की रेटिंग मे 180 देश की सूची में भारत का नंबर 151 वां है। इंटरनेशनल संस्था ने जो सूची तैयार की है। उसमें भारत की रैंकिंग में थोड़ा सा सुधार हुआ है। फिर भी भारत प्रेस फीडम के मामले में भारत बहुत नीचे है।भारत सरकार इस बात पर खुशी जाहिर कर सकता है।भारत के नीचे सूची में भूटान चीन पाकिस्तान फिलिस्तीन रूस अफगानिस्तान सीरिया और उत्तर कोरिया जैसे देश हैं। अभी भी भारत में सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेस फीडम की रैंकिंग उक्त देशों के मुकाबले ठीक-ठाक है।भारत इस बात पर भी गर्व कर सकता है।अमेरिका के प्रेस फ्रीडम की रैंकिंग में गिरावट आई है। जब अमेरिका और पाकिस्तान गिर रहा है।ऐसी स्थिति में भारत को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

## व्यंग्य

# सेवा वंचित

– डॉ नरेंद्र कोहली

रामलुभाया का लटका हुआ चेहरा देख कर मैंने पूछा, क्या हुआ रामलुभाया? कुछ नहीं! बस कुछ मूर्खों के कारण मुझे देश की सेवा करने से वंचित कर दिया गया है।

मैं उसकी बात समझने में सर्वथा असमर्थ था। भला देश की सेवा से कोई किसी को कैसे वंचित कर सकता है। भगत सिंह को अँग्रेज़ भी नहीं रोक पाए थे। तो यह...मैं जब चाहूँ, अपने क्या किसी पराए देश की भी सेवा कर सकता हूँ। कोई मुझे रोक कैसे सकता है।

कौन सी सेवा करना चाहते थे तुम रामलुभाया? मैंने पूछ लिया।

मैं जानता था कि मेरे लिए ज्ञान का एक नया अध्याय खुलने वाला है। मैं उन सेवाओं के विषय में जानने वाला हूँ, जिनके विषय में मुझे अब तक कुछ भी ज्ञात नहीं था।

मैं भूखे पेट को रोटी, बेघरों को घर, नंगों को कपड़ा देना चाहता हूँ। उसने बताया, दलितों, पिछडों और अल्प संख्यकों का उत्थान करना चाहता हूँ। महिलाओं को पुरुषों के बराबर ले आना चाहता हूँ। और भी जो कुछ आवश्यक होगा, वह सब भी करना चाहता हूँ।

मुझे यह समझ नहीं आया कि वह बहुसंख्यकों की सेवा क्यों नहीं करना चाहता। थोड़े से लोगों की ही सेवा क्यों करना चाहता है। दुर्बलों को बल देना और अन्याय के स्थान पर न्याय करवाना मेरी समझ में आता था, किंतु जाति या धर्म के आधार पर सेवा का क्या अर्थ था। पर मैंने उससे यह सब नहीं पूछा। तो करो सेवा! कोई तुम्हें रोक रहा है क्या? मैंने कहा, तुम्हारे मन में इतनी ही सेवा की भावना है, तो किसी अस्पताल में अथवा सरकारी कार्यालय में ही जा कर बैठ जाओ। लोगों को ठीक जानकारी देने का ही काम संभाल लो। जिस मुहल्ले में गंदगी है, वहाँ के लोगों को सफ़ाई करना सिखाओ। यह भी तो सेवा है। कौन रोकता है तुम्हें?

वह मुँह टेढ़ा कर हँसा, यह सेवा नहीं मूर्खता है। सेवा तो वह होती है, जो आधिकारिक रूप से की जाए। जिससे मुझे वंचित कर दिया गया है।

अब मैं कुछ-कुछ समझ रहा था। वह शायद सेवा का अर्थ नौकरी समझता था। उसे भी तो सरकारी सेवा ही कहते हैं। गवर्नमेंट सर्विस। कहते तो उसे सेवा ही है किंतु उसमें वेतन मिलता है। मैं जो कुछ सुझा रहा था, उसमें वेतन नहीं मिलता था। पर किसी भी वेतन में वह सारे भूखे पेटों को रोटी, बेघरों को मकान और नंगों को कपड़ा कैसे दे सकता था? और वह तो अगड़े, पिछड़े और बिगड़े - सबकी उन्नति करने वाला था। यह गुत्थी तो मेरे बस की नहीं थी। लोग वेतन से अपना घर चला लें, वही बहुत होता है, सारे देश का उत्थान। तुम अपने वेतन से यह सब करना चाहते हो? मैंने पूछ लिया।

मैं पागल हूँ क्या? उसने घूर कर मुझे देखा।

तो फिर बताते क्यों नहीं कि तुम्हारी देशसेवा के मार्ग में क्या बाधा है?

अरे बताने को क्या है। वह झपट कर बोला, कम्यूनल फोर्सेस ने मेरे वोट छीन लिए। मुझे चुनाव में हरा दिया। तो अब मैं देश की सेवा कैसे कर पाऊँगा।

तो यह बात थी। वह चुनाव में हार गया था। सत्ता छिन गई थी और वह उसे सेवा छिन गई कह रहा था। सत्ता पाए बिना वह सेवा नहीं कर सकता और सत्ता पा कर वह शासन करने लगता है - अन्यायी, क्रूर और स्वार्थी शासन। वह उसी को सेवा कहता है। बेचारे से वह अवसर छिन गया है।

## चिंतन-मनन

# नफरत का बोझ

बहुत पुरानी कथा है। एक बार एक गुरु ने अपने सभी शिष्यों से अनुरोध किया कि वे कल प्रवचन में आते समय अपने साथ एक थैली में बड़े-बड़े आलू साथ लेकर आएं। उन आलुओं पर उस व्यक्ति का नाम लिखा होना चाहिए, जिससे वे नफरत करते हैं। जो शिष्य जितने व्यक्तियों से घृणा करता है, वह उतने आलू लेकर आए। अगले दिन सभी शिष्य आलू लेकर आए। किसी के पास चार आलू थे तो किसी के पास छह। गुरु ने कहा कि अगले सात दिनों तक ये आलू वे अपने साथ रखें। जहां भी जाएं, खाते-पीते, सोते-जागते, ये आलू सदैव साथ रहने चाहिए। शिष्यों को कुछ समझ में नहीं आया, लेकिन वे क्या करते, गुरु का आदेश था। दो-चार दिनों के बाद ही शिष्य आलुओं की बदबू से परेशान हो गए। जैसे-तैसे उन्होंने सात दिन बिताए और गुरु के पास पहुंचे। सबने बताया कि वे उन सड़े आलुओं से परेशान हो गए हैं। गुरु ने कहा- यह सब मैंने आपको शिक्षा देने के लिए किया था। जब सात दिनों में आपको ये आलू बोझ लगने लगे, तब सोचिए कि आप जिन व्यक्तियों से नफरत करते हैं, उनका कितना बोझ आपके मन पर रहता होगा। यह नफरत आपके मन पर अनावश्यक बोझ डालती है, जिसके कारण आपके मन में भी बदबू भर जाती है, ठीक इन आलुओं की तरह। इसलिए अपने मन से गलत भावनाओं को निकाल दो, यदि किसी से प्यार नहीं कर सकते तो कम से कम नफरत तो मत करो। इससे आपका मन स्वच्छ और हल्का रहेगा। सभी शिष्यों ने वैसा ही किया।

## स्वास्थ्य

# खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हो सकता है एक वायरस

**सिडनी (ईएमएस)।** एक वायरस, जिसे पहले वैज्ञानिक रूप से विचित्र माना जाता था, अब यह पता चला है कि वह खतरनाक बैक्टीरिया से लड़ने में सहायक हो सकता है। यह दावा किया है वैज्ञानिकों ने एक ताजा अध्ययन में। यह अध्ययन बैक्टीरियोफेज (फेज) पर केंद्रित था, जो ऐसे वायरस होते हैं जो बैक्टीरिया को संक्रमित करते हैं और कई रूपों में मौजूद होते हैं। खासकर, शोधकर्ताओं ने टेलोमेर फेज की जांच की, जो एक संरचना होती है और डीएनए गुणसूत्रों में पाई जाती है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार अब यह स्पष्ट हुआ है कि ये वायरस केवल निष्क्रिय पैसिव पैसेंजर्स नहीं होते, बल्कि ये अच्छे बैक्टीरिया को बुरे बैक्टीरिया को नष्ट करने में मदद करते हैं। पहले के अध्ययनों ने केवल इनके डीएनए पुनरुत्पादन को डिकोड किया था, लेकिन साइंस एडवांस में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने यह खुलासा किया कि टेलोमेर फेज ले जाने वाले बैक्टीरिया विषाक्त पदार्थों का निर्माण करते हैं, जो प्रतिद्वंद्वी बैक्टीरिया को मार देते हैं। मोनाश बायोमेडिसिन डिस्कवरी इंस्टीट्यूट के बैक्टीरियल सेल बायोलॉजी लैब के प्रमुख, ट्रेवर लिथगो ने कहा, 20 से अधिक वर्षों के जीवाणु जीनोमिक्स के अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि टेलोमेर फेज हमारे नजरों से छिपे थे। यह दर्शाता है कि हमने जीवविज्ञान के एक महत्वपूर्ण पहलू को मिस कर दिया था।

# मरने की उम्र में लोगों को भड़का रहे हैं जावेद अख्तर साहब

## पाकिस्तानी एक्ट्रेस बुशरा अंसारी ने निकाली अपनी भड़ास

**करांची।** पाकिस्तानी टीवी एक्ट्रेस बुशरा अंसारी ने भारत के जाने माने लेखक जावेद अख्तर पर अपनी खींज निकाली है। बुशरा का का कहना है कि मरने की उम्र में अख्तर साहब लोगों को भड़का रहे हैं। बुशरा ने कहा जावेद अख्तर साहब पाकिस्तान को नसीहत दे रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा जावेद अख्तर तो ईश्वर को भी नहीं मानते हैं। साथ ही बुशरा बोलीं कि भारत की लड़की उनसे बहुत प्यार से मिली। लोग बुरे नहीं है पर ये लोग सब खराब कर रहे हैं। बता दें जावेद अख्तर ने हाल ही में पहलगाम हमले को लेकर भारत के रुख को सही बताते हुए पाकिस्तानी कलाकारों पर बैन लगाने की बात कही थी। इसको लेकर ही बुशरा ने अपनी भड़ास निकाली है।

बुशरा ने बिना नाम लिए कहा कि हमारे तथाकथित लेखक, उनको तो बहाना ही चाहिए था। दरअसल उनको तो मकान किराये पर नहीं मिलता था बॉम्बे में। अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए वह जितना चाहें बोल सकते हैं। पता नहीं क्या-क्या बोल रहे हैं। मरने में आपके दो घंटे रह गए हैं, ऊपर से आप इतनी फिजूल बातें कर रहे हैं। पाकिस्तान को यूं करना चाहिए, वो करना चाहिए, कौन हैं ये लोग। बुशरा ने अर्णब गोस्वामी को जहनी मरीज ने कहा और बोलीं, वह तो लड़ता रहता है। बुशरा ने कहा कि वह अभी एक इंडिया की लड़की से मिलीं हैं। वह बहुत प्यार से पेश आ रही थी। बुशरा बोलीं, लोग बुरे नहीं हैं, आप एक-दूसरे को भड़का रहे हैं। सब खराब कर रहे हैं। बुशरा का वीडियो पोस्ट किया गया है।

बता दें पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जावेद अख्तर कई बार पाकिस्तान पर बरस चुके हैं। हाल ही में उन्होंने मुंबई में कहा कि कश्मीरी हिंदुस्तानी हैं। पाकिस्तानी झूठा प्रोपगैंडा फैलाते हैं। वे बोलते हैं कि पाकिस्तानी कश्मीरी दिल से पाकिस्तानी हैं। यह सब गलत है। इससे पहले भी जावेद अख्तर ट्वीट कर चुके हैं कि अब पाकिस्तानी कलाकारों को फिलहाल बैन कर देना चाहिए।



बगदाद में आये रेत के तूफान के बीच ही सड़कों पर चलती हुई कारें।

# देशद्रोह के बाद अब वकील की हत्या के आरोप में चिन्मय दास

## अभी हाल ही में हाई कोर्ट से मिली थी जमानत

**ढाका।** बांग्लादेश में इस्कॉन के पूर्व पुजारी और संत चिन्मय कृष्ण दास की परेशानियां कम नहीं हो रही हैं। देशद्रोह के मामले में हाई कोर्ट से मिली जमानत के कुछ ही दिन बाद ही उन्हें अब एक वकील की हत्या के आरोप में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। चटगांव की एक कोर्ट ने सोमवार को चिन्मय दास की गिरफ्तारी को मंजूरी दी। मामला वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की पिछले साल कोर्ट परिसर के बाहर हुई हत्या से जुड़ा है। पुलिस ने इस मामले में चिन्मय दास की संलिप्तता के सबूतों का हवाला देते हुए गिरफ्तारी की मांग की थी।

बता दें पिछले साल 25 नवंबर 2024 को उन्हें देशद्रोह के आरोप में ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उन्होंने बांग्लादेश की सरकार और इस्लाम धर्म के खिलाफ भड़काऊ बयान दिए थे। इस मामले में बांग्लादेश हाईकोर्ट ने उन्हें हाल ही में जमानत दी थी, लेकिन उसी दिन सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी। दास के खिलाफ अन्य तीन कानूनी याचिकाओं पर सुनवाई मंगलवार हुई। चिन्मय दास की गिरफ्तारी ने धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय में चिंता बढ़ा दी है। कई हिंदू संगठनों ने इसे राजनीतिक और धार्मिक प्रतिशोध का मामला बताया है, जबकि सरकारी अधिकारियों का कहना है कि कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है।



बता दें चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के बीच एक प्रभावशाली धार्मिक चेहरा माने जाते हैं। इस्कॉन से अलग होने के बाद उन्होंने खुद की स्वतंत्र आध्यात्मिक गतिविधियां शुरू की थीं। हाल के वर्षों में वे विवादास्पद बयानों के कारण और धार्मिक कट्टरपंथियों के निशाने पर भी रहे हैं। इस गिरफ्तारी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, न्यायिक स्वतंत्रता, और राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

## तुर्की के बम, मिसाइल से लैस जहाज को पाक बता रहा सद्भावना यात्रा

**कराची।** तुर्की का युद्धपोत टीसीजी बुयुकाडा (एफ-512) रविवार को पाकिस्तान के कराची बंदरगाह पर पहुंचा, जिसे पाकिस्तानी नौसेना ने 'सद्भावना यात्रा' बताया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब भारत और पाकिस्तान के बीच पहलगाम हिंदू नरसंहार के बाद तनाव चरम पर है। तुर्की के इस कदम ने क्षेत्रीय समीकरणों पर सवाल खड़े किए हैं, लेकिन सैन्य ताकत की बात करें तो भारत की नौसेना का जवाब नहीं। आइए, पहले तुर्की के इस जहाज की ताकत को समझें और फिर देखें कि भारत का दमखम कैसे इसे पीछे छोड़ता है।

इस जहाज की अधिकतम स्पीड 29 नॉट (54 किमी/घंटा) है। इसकी रेंज 15 नॉट पर 3,500 नॉटिकल मील (6,500 किमी) की दूरी तक जा सकता है। इसमें क्रू की संख्या 93 और अधिकतम 106 तक हो सकती है। तुर्की का दावा है कि यह जहाज स्टील्थ तकनीक से लैस है, जिससे रडार पर पकड़ में आना मुश्किल होता है। यह क्षेत्रीय मिशनों के लिए ठीक है, लेकिन भारत की नौसेना की ताकत के सामने यह इतना खास नहीं है। आईएनएस कुठार और आईएनएस खंजर जैसे कामोर्ता-क्लास कोरवेट्स टीसीजी बुयुकाडा से कहीं ज्यादा ताकतवर हैं। इनकी रेंज और हथियारों की मारक क्षमता तुर्की के जहाज को पीछे छोड़ती है। भारत के जहाजों पर ब्रह्मोस मिसाइल लगी हैं जो 400 किमी तक निशाना साध सकती है। ये हार्पून मिसाइल से कहीं आगे है। इसकी स्पीड और सटीकता दुश्मन जहाजों के लिए घातक है।

## 71 देशों के 133 कार्डिनल में से नए पोप का चुनाव, बुधवार से कान्क्लेव होगी शुरु

**वेटिकन सिटी।** नए पोप के चुनाव के लिए बुधवार यानी 7 मई से कान्क्लेव शुरू होगी। ऐसा कोई नियम नहीं है कि कार्डिनल राष्ट्रीयता या क्षेत्र के हिसाब से मतदान करें, लेकिन भौगोलिक लिहाज से उनके दृष्टिकोण को समझने से उनकी प्राथमिकताएं पता चलती हैं। दुनियाभर के 140 करोड़ कैथोलिक के नए पोप का चुनाव भौगोलिक विविधता के लिहाज से ऐतिहासिक होगा।

फिलहाल 71 देशों में 80 साल से कम उम्र के 135 कार्डिनल हैं, जिनमें से दो ने स्वास्थ्य कारणों के चलते मतदान से इन्कार कर दिया है। अब 133 कार्डिनल चुनाव में पहुंचेंगे और बहुमत के लिए दो-तिहाई यानी 89 वोट की जरूरत होगी।

## लॉफिंग ज़ोन

पहला-'बन्धु... उस दिन अपना सामना जीते-जागते शेर से हो गया और मेरे पास कोई हथियार भी न था।

दूसरा-'ओह! फिर तुमने क्या किया?'

पहला-'मैं कर ही क्या सकता था? पहले तो मैंने उसकी आंख की पुतलियों को देखा मगर वह मुझे देखकर गुर्राता रहा, फिर मैंने गर्दन मरोड़ डालने की धमकी दी, मगर फिर मुझे पता लगा कि अगर मैंने उसकी गर्दन पकड़ भी ली तो मेरा खतरा टलेगा नहीं, और बढ़ जायेगा। लेकिन वह मुझे घूरता रहा...घूरता रहा...।'

फिर तुमने उससे छुटकारा किस प्रकार पाया? 'मैंने उसकी तरफ से मुंह फेर लिया और दूसरे पिंजरों की तरफ बढ़ गया।'

□ □ □

कमला खाना बना रही थी। मांगीलाल अखबार पढ रहा था। वह जोर-जोर से खबर पढने लगा-प्रधानमंत्री ने कहा है कि मिलावट करने वालों के प्रति कडी कार्यवाही की जाएगी।

यह सुनते ही कमला बोली, मैने तो आलू-मटर-गोभी की सब्जी बनाई है। किसी से कहना मत कि मैने मिलावट की है।

## काकुरो पहेली - 6901



## प्रसंगतः डॉक्टर की पहचान

रसायनशास्त्री नागार्जुन एक राज्य के राज वैद्य थे। एक दिन उन्होंने राजा से कहा, 'मुझे एक सहायक की जरूरत है।' राजा ने उनके पास दो कुशल युवकों को भेजा और कहा कि उनमें से जो ज्यादा योग्य लगे उसे रख लें। नागार्जुन ने दोनों की कई तरह से परीक्षा ली पर दोनों की योग्यता एक जैसी थी। नागार्जुन दुविधा में पड़ गए कि आखिर किसे रखें। अंत में उन्होंने दोनों युवकों को एक पदार्थ दिया और कहा, 'इसे पहचान कर कोई भी एक रसायन अपनी इच्छानुसार बनाकर ले आओ। हां, तुम दोनों सीधे न जाकर राजमार्ग के रास्ते से जाना।' दोनों राजमार्ग से होकर अपने-अपने घर चले गए। दूसरे दिन दोनों युवक आए। उनमें से एक युवक रसायन बना कर लाया था जबकि दूसरा खाली हाथ आया था। आचार्य ने रसायन की जांच की। उसे बनाने वाले युवक से उसके गुण-दोष पूछे। रसायन में कोई कमी नहीं थी। आचार्य ने दूसरे युवक से पूछा, 'तुम रसायन क्यों नहीं लाए?' उस युवक ने कहा, 'मैं पहचान तो गया था मगर उसका कोई रसायन मैं तैयार नहीं कर सका। जब मैं राजमार्ग से जा रहा था तो देखा कि एक पेड़ के नीचे एक बीमार और अशक्त आदमी दर्द से तड़प रहा है। मैं उसे अपने घर ले आया और उसी की सेवा में इतना उलझ गया कि रसायन तैयार करने का समय ही नहीं मिला।' नागार्जुन ने उसे अपना सहायक रख लिया। दूसरे दिन राजा ने नागार्जुन से पूछा, 'आचार्य। जिसने रसायन नहीं बनाया उसे ही आपने रख लिया। ऐसा क्यों?' नागार्जुन ने कहा, 'महाराज दोनों एक रास्ते से गए थे। एक ने बीमार को देखा और दूसरे ने उसे अनदेखा कर दिया। रसायन बनाना कोई जटिल नहीं था। मुझे तो यह जानना था कि दोनों में कौन मानव सेवा करने में समर्थ है। बीमार व्यक्ति चिकित्सक की दवा से ज्यादा उसके स्नेह और सेवा भावना से ठीक होता है, इसलिए मेरे काम का व्यक्ति वही है जिसे मैंने चुना है।'

## सूडोकु नवताल- 7144

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7143 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि दसवी, बुधवासरे, पू.फा. नक्षत्रे, व्यय योग, गरकरणे, सिंह की चंद्रमा 48/45 रवियोग, व्यापार गृह प्रवेश दुरागमन देव प्रतिष्ठा तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, प्रशासक, उद्यमी, त्यागी वृत्ति वाला, बैंक कर्मचारी, लिपिक, वैसशियर, लेखापाल, अकाउंटेंट, प्रबंधक, मैनेजर, कम्प्यूटर इंजीनियर, कम्प्यूटर ऑपरेटर होगा।




**मेष राशिः** भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य बनेंगे, कार्य योजना अवश्य बनेगी।

**वृष राशिः** नवीन कार्य सफल होगा, संवेदनशील होने से बचिये, समय पर ध्यान दें।

**मिथुन राशिः** स्त्री वर्ग से हर्ष, कुछ चिन्ता, व्यवसायिक अवरोध कष्टकारी अवश्य होगा।

**कर्क राशिः** व्यग्रता, मन उद्विग्न रखे, कार्यगति मंद होवे, रुके कार्य बनेंगे, स्थितिगत ध्यान दें।

**सिंह राशिः** साधन सम्पन्नता के योग बने, दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल बनी ही रहेगी।

**कन्या राशिः** विरोधी परेशान करें, व्यर्थ धन का व्यय, असमंजस व अस्थिति बनी ही रहेगी।

**तुला राशिः** कार्य-व्यवसाय में बाधा, तनाव-क्लेश से बचने का प्रयास करें।

**वृश्चिक राशिः** चिन्ता बनी रहेगी, कुटुम्ब की समस्याऐं को समझदारी से सुलझाऐं।

**धनु राशिः** बिगड़े कार्य बनेंगे, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, सहयोग अवश्य ही मिलेगा।

**मकर राशिः** स्थिति में सुधार कार्य, सफलता से सहयोग, संतोष अवश्य होगा।

**कुंभ राशिः** स्वास्थ्य नरम एवं कहीं तनावपूर्ण स्थिति कष्टप्रद होवेगी।

**मीन राशिः** दूसरों के कार्यों में समय तथा धन नष्ट न करें, समय स्थिति का ध्यान रखें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

## जॉर्डन के ऐतिहासिक शहर पेट्रा में अचानक आई बाढ़, सैकड़ों पर्यटकों को बचाया

### किसी तरह की जनहानि नहीं, पर्यटक कर रहे प्रशासन की तत्परता की तारीफ

**पेट्रा।** विश्व धरोहर स्थलों में शुमार जॉर्डन के पेट्रा हेरिटेज साइट में अचानक हुई तेज बारिश और फ्लैश फ्लड से अफरा-तफरी मच गई। इसमें कई पर्यटक फंस गए। करीब 1,785 पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। राहत की बात यह है कि इस आपदा में कोई जनहानि नहीं हुई।

मीडिया रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन के हवाले से बताया गया है कि रविवार को मौसम अचानक बदल गया और कुछ ही घंटों में भारी बारिश के कारण घाटी और आसपास के इलाके पानी से जलमग्न हो गए। पेट्रा डेवलपमेंट एंड टूरिज्म रीजन अथॉरिटी के कमिश्नर ने बताया कि स्थिति को भांपते हुए टिकट बिक्री तत्काल बंद कर दी और बचाव अभियान शुरू किया गया। तेज बारिश और जलभराव को देखते हुए प्रशासन ने कुछ घंटों के लिए पर्यटन गतिविधियों को बंद कर दिया था। पर्यटकों को सुरक्षित मार्गों से बाहर निकाला गया और कई स्थानीय गाइड और सुरक्षा कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सैलानियों को आश्रय स्थलों तक पहुंचाया।

जानकारी के मुताबिक घटना के बाद अब स्थिति सामान्य होने लगी है। ज्यादातर इलाकों से पानी निकाल दिया गया है और जल्द ही पर्यटन गतिविधियां फिर से शुरू हो जाएंगी। सोशल मीडिया पर कई पर्यटकों ने राहत और प्रशासन की तत्परता की तारीफ की है। बता दें पेट्रा एक खूबसूरत सिटी है जिसे 'रोज़ सिटी' भी कहा जाता है, यह युनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और यह सात आधुनिक अजूबों में भी है। हर साल लाखों पर्यटक इस प्राचीन नाबातियन शहर की वास्तुकला और इतिहास को देखने यहां आते हैं। अब पेट्रा में सामान्यता लौटने लगी है, और जल्द ही यह फिर से सैलानियों की चहलकदमी से गुलजार होगा।

## मस्कुलर अवतार में नजर आए ट्रंप, आलोचकों ने बताया राजनीतिक प्रचार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर चर्चा में हैं, इस बार वह एआई के द्वारा बनाई गई तस्वीर जिसमें वह स्टार वार्स की जेडी पोशाक में मस्कुलर अवतार में नजर आ रहे हैं। 4 मई को स्टार वार्स डे के मौके पर व्हाइट हाउस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से यह तस्वीर शेयर की गई। तस्वीर में ट्रंप लाल लाइटसैबर पकड़े पहने हुए हैं, चारों ओर गंजा अमेरिकी ईगल और अमेरिकी झंडे लगे हैं और उनका चेहरा पूरी तरह आत्मविश्वास से भरा है। यह दृश्य पूरी तरह एक काल्पनिक युद्ध व योद्धा का आभास कराता है- जैसे वे किसी सुपरहीरो गैलेक्सी मिशन पर हों। तस्वीर सामने आते ही एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ट्रंपजैदी ट्रेंड करने लगा। समर्थकों ने इसे देशभक्ति की कल्पना बताया, वहीं आलोचकों ने इसे राजनीतिक प्रचार और वास्तविकता से विचलन करार दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फोटो के साथ व्हाइट हाउस के हैंडल से लिखा गया- सभी को 4 मई की शुभकामनाएं, जिसमें कट्टरपंथी वामपंथी पागल भी शामिल हैं जो सिथ लॉर्ड्स, मर्डरर्स, ड्रग लॉर्ड्स, खतरनाक कैदियों और जाने-माने एमएस-13 गैंग के सदस्यों को हमारी आकाशगंगा में वापस लाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। आप विद्रोही नहीं हैं- आप साम्राज्य हैं। 4 मई आपके साथ हो। यह बयान कई राजनीतिक पर्यवेक्षकों के लिए आश्चर्य और चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि यह सीधे तौर पर वामपंथी विचारधारा पर कटाक्ष है और गैलेक्सी की काल्पनिक दुनिया को अमेरिका की राजनीतिक स्थिति से जोड़ने की कोशिश की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### रिजल्ट बिगड़ने से एक छात्रा ने फांसी दूसरे ने कुएं में छलांग लगो



**दमोह।** जिले में बोर्ड परीक्षा नतीजे से कहीं खुशी कहीं गम जैसा माहौल देखने को मिला है। प्रदेश की प्रारंभिक सूची में जगह बनाने वाले बच्चे जहां मीडिया की सुर्खीयो में छाए रहे वही वही परिणाम प्रतिकूल आने पर एक छात्रा ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली दूसरी छात्रा ने कुएं में चलांग लगाकर जान देने की कोशिश की लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झांगर में कक्षा 12 वी के परीक्षा परिणाम बिगड़ने से आहत होकर एक छात्रा ने फांसी लगा ली। गढ़ाकोटा के एक विद्यालय में अध्यनरत थी। उसके फांसी लगाने का पता लगते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है की छात्रा ने यह कदम रिजल्ट से आहत होकर उठाया है। इधर हटा क्षेत्र अंतर्गत पटना गांव में हाई स्कूल की छात्रा ने परीक्षा परिणाम प्रतिकूल आने पर कुएं में कूद कर जान देने की कोशिश की लेकिन समय रहते ग्रामीणों ने उसे देख लिया और कुएं में कुंद कर उसको बाहर निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। नतीजे के बाद सामने आए इस तरह के घटनाक्रमों बाद जिला प्रशासन द्वारा सभी बच्चों को आगाह करते हुए कहा गया कि राज्य सरकार द्वारा नई व्यवस्था लागू की गई है जिसके अंतर्गत फिर से बच्चों को परीक्षा का मौका मिलेगा ऐसे में किसी को घबराने की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

### बोर्ड परीक्षा नतीजो में जिला स्तर पर दमोह सबसे पीछे फिर भी अनेक बच्चों ने प्रदेश में धूम मचाई




**दमोह।** मंगलवार को घोषित मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड 10वीं 12वीं के नतीजे में दमोह जिले के अनेक बच्चों ने प्रदेश की प्रवीण सूची में जगह बनाकर जहां अपने स्कूल तथा शहर के साथ जिले का नाम रोशन किया है वही प्रदेश की औसत परीक्षा परिणाम में दमोह सबसे पीछे 52 में नंबर पर रहा है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी आंकड़ों की बाजीगरी बताकर इस बार पिछले बरस से बेहतर परिणाम बता रहे हैं।

# कलेक्टर श्री कोचर ने जिन विद्यार्थियों के परिणाम अच्छे आये हैं शुभकामनायें दी

### दमोह जिले में कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ा बारहवीं का परीक्षा परिणाम एक प्रतिशत की वृद्धि हुई



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा अभी हाल ही में कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के रिजल्ट घोषित हुए है, उन सभी विद्यार्थियों से खास कर उनके माता-पिता से आग्रह करना चाहता हूं कुछ बच्चो का रिजल्ट अच्छा नहीं आया हो, उनके आशातीत परिणाम उन विद्यार्थियों को नहीं मिले हो तो घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस बार राज्य सरकार ने एक नई व्यवस्था लागू की है, जिसके अंतर्गत अगले माह ही फिर से बच्चों का एग्जाम हो रहा है, और यह एग्जाम केवल अनुत्तीर्ण बच्चों का नहीं हो रहा है, यदि किसी विद्यार्थी के किसी भी विषय में नंबर कम या उसको लगता है, कि वह पास है, लेकिन उसके नंबर कम है, वह विद्यार्थी भी इस परीक्षा को दे सकते है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सिर्फएक या डेढ़ महीने की बात है, आप फिर से परीक्षा दे सकते हैं, आप अच्छे नंबरों से पास हो सकते हैं, और आपका साल भी नहीं बिगड़ेगा तो बिल्कुल किसी भी स्थिति में विद्यार्थी कोई गलत कदम ना उठाएं। इस पर माता-पिता-परिजन ध्यान दें, हमेशा अपने बच्चों के साथ रहें। किसी भी प्रकार से अगले कुछ दिन बच्चों के साथ समय बितायें। किसी भी प्रकार से यदि बच्चे गुमसुम या मायूस है, तो माता-पिता-परिजन तत्काल हेल्पलाईन से संपर्क करें और कलेक्टर को अवगत करायें, काउंसलर्स के माध्यम से उन विद्यार्थयों की मदद कराएँगे और दूसरी चीज़ विद्यार्थियों को दूसरों के साथ कंपेयर मत करिए दूसरों का रिजल्ट अच्छा आया है, विद्यार्थियों का रिजल्ट अच्छा नहीं आया, उससे बिलकुल कंपेयर मत करिये, डांटिये मत अनावश्यक रूप से विद्यार्थी तनाव में ना आयें, यह देखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कृपया इस काम में जिला प्रशासन की मदद करिये और विद्यार्थियों को इस बात का ढांढस बंधाइए की उनकी एक असफलता से जीवन असफल नहीं हुआ है, अभी उनके पास अगले 1-2 महीने के अंदर मौका आ रहा है, वह साल को बर्बाद होने से बचा सकते हैं, वह ठीक से पढ़ाई कर लेंगे तो फिर से उत्तीर्ण हो जाएंगे और उनका 10 वीं-12 वीं से अगली कक्षा के अंदर जा पायेंगे और उनका साल भी बर्बाद नहीं होगा, इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। कलेक्टर श्री कोचर ने जिन विद्यार्थियों के अच्छे नंबर आये हैं, उन विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी हैं। दिव्यांश ने अपने घर पर ही सेल्फस्टडी कर 10 वी कक्षा में प्रदेश में 10 वॉ स्थान हासिल किया है, जिसमें विशेष योगदान सीएम राइस के प्राचार्य संजय बाजपेई ,अजय सिंघई एवं पिता भरत यादव जो की एक शिक्षक हैं का विशेष योगदान रहा है।

## नाली और सड़क निर्माण को लेकर महिलाओ ने एसडीएम, सीएमओ को सोपा ज्ञापन



**खिरकिया।** जनसुनवाई में वार्ड क्रमांक 6 सुभाष वार्ड की महिलाओं ने एसडीएम अशोक कुमार डेहरिया सीएमओ राहुल शर्मा को वार्ड में नाली और सड़क निर्माण को लेकर ज्ञापन सोपा है जिसमें उन्होंने बताया कि हेमराज भाई के घर से लेकर मनोज झींगन के घर तक तथा संतोष लाइनमैन की गली में रोड एवं बलिराम बिश्नोई की गली में रोड नाली एवं स्व. गोकुल मीना सचिव के घर से लेकर गोलू दरबार के नया घर के आगे तक नाली निर्माण के संबंध में ज्ञापन देकर सप्ताह भर में निराकरण करने की मांग की है एवं समय पर कार्य न होने पर धरना आंदोलन की चेतावनी दी है, एसडीम एवं नगर परिषद ष्द्धश ने शीघ्र समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है

इस दौरान राम वाई निर्मला बाई मंजू वाई सुनीता बाई रेखा बाई किरण वाई वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सोनी सहित बड़ी संख्या में महिला मौजूद थी भाजपा शासित नगर परिषद में छोटे-छोटे कामों को लेकर भाजपा के नेताओं को काम के लिए ज्ञापन सोपना पड़ रहा है।

# झुनकु वार्ड पार्षद चुनाव के समय आए जब से नहीं दिखाई शक्ल : रहवासी झुनकु वार्ड

### बूंद बूंद पानी के लिए परेशान झुनकु वार्ड एवं पटेल वार्ड के रहवासी लोग, कांग्रेस के पटेल वार्ड पार्षद झुनकु वार्ड रहवासियों की समस्याओं को लेकर दिया साथ

### पटेल वार्ड एवं झुनकु वार्ड में पेयजल की समस्या निराकरण कराने कलेक्टर के नाम नायव तहसीलदार को पटेल पार्षद सेंकड़ो लोगों के साथ सौंपा ज्ञापन



**सागर।** सागर जिले की तहसील देवरी के नगरपालिका अंतर्गत पटेल वार्ड एवं झुनकु वार्ड के सिलारी एरिया, बरिया मुहल्ला एरिया में पीने के पानी की भारी समस्या बनी हुई है जल सफलाई के समय सिर्फ नलों में हवा आती है पानी नहीं आता है जिसके बाद भी वार्ड के लोग जल का नगरपालिका में कर भी जमा हर महीने भरते हैं पर समस्या नगरपालिका प्रशासन द्वारा पेयजल समस्या अब तक हल नहीं की गई है।

झुनकु वार्ड के कुछ वार्ड वासियों ने बताया कि भाजपा पार्षद केवल चुनाव के समय ही हमारे यहां वोट मांगने आए थे जब से आज तक शक्ल नहीं दिखाई । और हमारे झुनकु वार्ड की पानी की समस्या के निराकरण के लिए कांग्रेस पार्टी के पार्षद त्रिवेंद्र जाट हमारे साथ खड़े हैं। बल्कि यह कर्तव्य हमारे झुनकु वार्ड पार्षद का बनता है कि हमारी पानी जैसी समस्याओं का समाधान करें ।

ऐसी भीषण गर्मी में हम लोगों के लिए इधर-उधर पानी के लिए भटकना पड़ रहा है ना ही झुनकु वार्ड पार्षद के लिए कोई सुध है और ना ही शासन प्रशासन के लिए।

समस्या को लेकर वार्ड बासियों ने एवं पटेल वार्ड पार्षद ने कई बार लोगों के साथ अनुविभागीय अधिकारी को पत्र के माध्यम से लिखित शिकायत भी की गई मगर अधिकारीयों ने कोई सुध नहीं ली गईं जबकी सागर कलेक्टर के पुरे जिले में अधिकारीयों को सड़त निर्देश भी दिए गए है की जिस ग्राम या शहर के वार्ड या अन्य जगह पानी की किल्लत है वहा प्रशासन तुरंत लोगों को पानी की व्यवस्था करें कोई भी व्यक्ति को पानी समस्या ना हो मगर जिले के मुखिया का आदेश देवरी नगरपालिका में लागू नहीं किया जा रहा है ओर पटेल वार्ड एवं झुनकु वार्ड की जनता पेयजल समस्या से झूज रही है करीब 1 किलोमीटर दूरी से लोगों को पानी लाना पड़ रहा है जिससे नाराज एवं परेशान होकर दोनों वार्ड बासियों ने सेकड़ो की संख्या में पटेल वार्ड के पार्षद त्रिवेंद्र जाट के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर सागर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें जिसमें पार्षद द्वारा मांग की गई कि देवरी झुनकु वार्ड में बनी बीआरसी ऑफिस के बाजू में पानी की टंकी से पटेल वार्ड एवं झुनकू वार्ड के इस एरिया को जल सप्लाई से जोड़कर इसी टंकी से पानी दिया जाए जब तक बी आर सी टंकी से नहीं जोड़ा जाता तब तक इन दोनों एरिया में कल दिन बुधवार से प्रतिदिन 2 टेंकर से नगरपालिका द्वारा जल सप्लाई दी जाए जिससे वार्ड बासियों की पेय जल समस्या हल हो सके ओर उनको पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके कांग्रेस पार्षद द्वारा 7 दिवस का प्रशासन को समस्या हल करने का समय दिया गया है अन्यथा पुनः सेकड़ो कि संख्या में वार्ड वासी अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देंगे।

#### इनका कहना है

**पटेल वार्ड एवं झुनकु वार्ड के बीच बरिया मुहल्ला, सिलारी एरिया में पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है लोगों को दूर दूर से पानी लाना पड़ रहा है इस समस्या को लेकर मेरे द्वारा सागर कलेक्टर देवरी एस.डी.एम एवं सी एम ओ को लिखित पत्र पहले भी दिए गए ओर आज झुनकु वार्ड एवं पटेल वार्ड के लोगों के साथ सागर कलेक्टर को पुनः ज्ञापन दिया है अब भी समस्या हल नहीं होंगी तो धरना प्रर्दशन करेंगे।**

**त्रिवेंद्र जाट कांग्रेस पार्षद पटेल वार्ड**

**पटेल वार्ड के पार्षद के साथ झुनकु वार्ड एवं पटेल वार्ड के लोगों द्वारा कलेक्टर सर के नाम का ज्ञापन दिया गया है जो सागर प्रेसित कर दिया जायेगा एवं पेयजल समस्या को लेकर नगरपालिका को पत्र भेजकर इस एरिया में प्रतिदिन जल सफलाई कराने टेंकर भेजनें के सम्बंध में निर्देश दूंगा द्य**

**राम राज चौधरी नायव तहसीलदार देवरी**

**बरिया मोहल्ला एरिया में पानी नहीं आने के कारण 1 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है द्य**

**नेहा जाटव वार्ड बासी पटेल वार्ड**

**ग्रीष्मकालीन समय के तीन माह हम लोगो को पानी कि बहुत किल्लत होती है कई बार लिखित आवेदन ओर 181 पर शिकायत कि पर समस्या हल नही हुई द्य**

**क्रांति जाटव वार्ड बासी झुनकु वार्ड**

# बांदकपुर चौकी प्रभारी को मुख्यमंत्री से सम्मानित करने कलेक्टर को सौंपा पत्र



**दमोह।** आगामी 09 मई 2025 को मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का श्री जागेश्वर नाथ लोक फ्रकॉरिडोर के भूमि पूजन हेतु बांदकपुर आगमन हो रहा है इसके संदर्भ में दमोह जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने आज एक पत्र दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को सौंपते हुए मांग की है कि बांदकपुर के चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा जिनके द्वारा अपनी ड्यूटी के दौरान बीते 10 नवंबर 2024 को ट्रेन हादसे में जिन्होंने अपना एक हाथ गंवा दिया था और वीरता का परिचय दिया उन्हें मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्मानित किया जाए। जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने कहा कि श्री राजेंद्र मिश्रा द्वारा अपने और परिवार की चिंता किए बगैर शासकीय ड्यूटी के दौरान अपना एक हाथ गंवा दिया था उन्होंने अपनी वीरता और धैर्य का परिचय देते हुए उत्कृष्ट सेवा कार्य किया है मैं जिला प्रशासन से आग्रह करता हूं कि वह माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति में उन्हें पुरस्कृत और सम्मानित करने का कार्य करें ।

## कथा सुनने से होता है धुंधकारी जैसे पापी का भी कल्याण: किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** जमुनिया हजारी में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से द्वितीय दिवस में महाराज परीक्षित का जन्म अभिषेक और शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि द्वारा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा दंश का श्राप देना राजा परीक्षित का मोह भंग होना राजा का गंगा के तट पर पहुंचना और विलाप करना और श्री श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज गंगा तट पर आगमन श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज द्वारा राजा परीक्षित एवं जीव कल्याण के लिए सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराना एवं भागवत के दस लक्षणों के बारे में बताएं इसके साथ ही माता देवहूति एवं कपिल संवाद माता देवहूति का अपने पुत्र कपिल देव को गुरु बनाना एवं गुरु की महिमा की कथा श्री धाम वृंदावन की महिमा आदि लीलाओं वर्णन किशोरी जी ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से तथा हरि नाम लेने से जीव सिर्फमोक्ष ही नहीं अपितु भगवान के नित्य धाम को जा सकता और कथा श्रवण करने से भगवान के श्री चरणों में अनंत कोटि पर्यंत तक वास मिलता है। मुख्य यजमान बी एम तिवारी ने कथा श्रवण करने की अपील की है।

## मेधावी छात्र होगे सम्मानित: राजपूत क्षत्रिय महासभा

**दमोह।** स्व.श्री हरि सिंह हजारी एवं श्रीमति श्याम बाई हजारी की स्मृति में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दिनांक 29 मई 2025 को वीरशिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती समारोह में जिले के ऐसे राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिभावान छात्र छात्रायें जिन्होनें इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त किये है, उन्हें जिला राजपूत क्षत्रिय महासभा द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के दिवस शाम 7 बजे महाराणा प्रताप भवन जटाशंकर धाम के बाजू से उपस्थित होकर मुख्य अतिथियों से सम्मानित किया जावेंगा, ऐसे पात्र छात्र अपनी अंक सूची की छायाप्रति राकेश सिंह हजारी जिला अध्यक्ष पुटेरा वार्ड नं. 2, संजय सिंह हजारी महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह, लक्ष्मण सिंह राजपूत वरि. उपाध्यक्ष म.प्र. विद्युत मण्डल किल्लाई ताका दमोह, त्रिवेन्द्र सिंह राजपूत युवा अध्यक्ष ग्राम बरमांसा, बबलू ठाकुर नगर अध्यक्ष जबलपुर नाका दमोह के पास दिनांक 20 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाली अंक सूची पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

# कायाकल्प अभियान के तहत बन रही वार्ड 31 में नई सड़क

### नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने किया निरीक्षण



**नर्मदापुरम।** नगर में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड 31 में पार्षद नरेंद्र पटेल के वार्ड में बन रही कायाकल्प अभियान के तहत नई सड़क का मंगलवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेद्र यादव ने निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को सड़क को गुणवत्तापूर्ण बनाने तथा समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम के चलते समय-समय पर तराई करने के निर्देश भी निर्माण एजेंसी को दिए गए हैं। उक्त सड़क बजरंग चौक से एसपीएम पुलिया तक बनाई जा रही है। वार्ड 31 में निरीक्षण के दौरान बन रही गुणवत्तापूर्ण सड़क को लेकर वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव को धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि यह पहलीबार है कि इतनी मजबूत और चौड़ी सड़क बनाई जा रही है। सड़क का निरीक्षण करते समय वार्ड पार्षद नरेंद्र पटेल, वार्ड 33 की पार्षद वंदना चुटीले के साथ ही वार्डवासी चेतन सोनबड़े, सुधीर बग्गन, विक्की रितेश चौहान, प्रकाश चौहान आदि उपस्थित रहे। वार्ड न 33 के निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया वार्ड 33 में बनी सड़कों का नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड पार्षद वंदना चुटीले के साथ निरीक्षण किया गया। इस दौरान संजय नगर स्थित नाले की साफ सफाई की स्थिति देख बारिश से पूर्व उसकी साफ सफाई करवाने की बात कहीं। वार्डवासियों ने वार्ड में नाली निर्माण की मांग की ।नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद वंदना चुटीले, वार्ड 31 के पार्षद नरेंद्र पटेल, वार्ड 30 की पार्षद रेखा यादव, अखिलेश व्यास, अमन चुटीले, गोविंद गौर, मोहनलाल साहू आदि उपस्थित थे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने वार्डवासियों से कहा कि हमारी परिषद में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ कार्य कर रही है। नगर के सभी वार्डों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सभी वार्डवासियों से आग्रह है कि नाले नालियों से अतिक्रमण हटाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करें। कचरा यहां वहां न फैंके। घरों और दुकानों में डस्टबिन रखें तथा कचरा वाहन आने पर कचरा उसी में डालें।

### 12वीं-10वीं एमपी बोर्ड का परिणाम घोषित

# समेरिटंस विद्यालय फिर रहा अव्वल, जुमेराती, माखननगर के परिणाम शत-प्रतिषत







**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मंगलवार को जारी कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणामों में एक बार फिर समेरिटंस ग्रुप के बच्चों ने प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। दोनों विद्यालयों में दोनों कक्षाओं 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिषत रहे। परिणाम घोषित होते हुए बच्चे विद्यालयों में पहुंचे और खुशि यां मनाईं। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को मिठाई खिलाई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के डायरेक्टर डॉ आशु तोष कुमार शर्मा ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्राचार्य और शि क्षकों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शि क्षकों के परिश्रम और बच्चों की मेहनत रंग लाई। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि समेरिटंस ही अव्वल है।

#### समेरिटंस विद्यालय जुमेराती

कक्षा 10वीं प्राचार्य निधि दुबे और परीक्षा प्रभारी आरके रघुवंशी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 30 बच्चे सम्मिलित हुए, इनमें से 13 बालक और 17 बालिकाएं थीं। विद्यालय के 25 बच्चे प्रथम श्रेणी, 3 बच्चे द्वितीय श्रेण में उत्तीर्ण रहे, जबकि दो बच्चों को पूरक आई है। विद्यालय के 9 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

टॉपर लक्ष्मी पटवा 97 प्रतिशत,मेहती गौर 95 प्रतिशत,जयश्री द्विवेदी 93.6 प्रतिशत,प्रियांशी बाथरी 93.6 प्रतिशत,कक्षा 12वीं परीक्षा में कुल 27 बच्चे सम्मिलित हुए। इनमें 15 बालक और 12 बालिकाएं थीं। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 2 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

टॉपर विज्ञान संकाय -आर्या गुप्ता- 92 प्रतिशत,रूपल गौर 90.8 प्रतिशत

#### वाणिज्य संकाय,रौनक शर्मा 89 प्रतिशत,योगेष्वरी 88 प्रतिशत,समेरिटंस विद्यालय माखननगर कक्षा 10वीं

प्राचार्य जागृति सिंह ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 40 बच्चे सम्मिलित हुए, इनमें से 18 बालक और 22 बालिकाएं थीं। विद्यालय के 28 बच्चे प्रथम श्रेणी, 9 बच्चे द्वितीय श्रेण में उत्तीर्ण रहे। जबकि 3 बच्चे तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। टॉपर यशी यादव 95.20 प्रतिषत,प्रगति राजपूत 89.6 प्रतिशत,नमन साहू 89.2 प्रतिशत,साधना यादव 89 प्रतिशत,अंशिका मीना 87.4 प्रतिषत कक्षा 12वीं परीक्षा में कुल 27 बच्चे सम्मिलित हुए। इनमें 15 बालक और 12 बालिकाएं थीं। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 2 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 10 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। टॉपर वणिज्य संकाय आस्था कैथवास 94.8 प्रतिशत,प्रिया मीना 91.6 प्रतिशत विज्ञान संकाय,प्रियांशी मीना 91.6 प्रतिशत,दिशामीना 89 प्रतिशत,सोम चौधरी 88 प्रतिशत सोनम नायर 88 प्रतिशत,सार्थक मीना 87 प्रतिशत।

## » न्यूज कैप्सूल »

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन संविधान बचाओ 10 मई को

**मैहर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार संविधान बचाओ अभियान के तहत 10 मई को जिला कांग्रेस ने जिला स्तरीय रैली का आहवान किया है। जिला कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेश घई ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार संविधान पर लगातार हमला कर रही है यह चिंता का विषय है केंद्रीय जांच एजेंसियो का लगातार विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने के लिए दुरूपयोग किया जा रहा है। देश प्रदेश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी चिंता का विषय है इन सब विषयों को लेकर मैहर जिले की जनता को जागरूक करने व सरकार की विफ्ल नीतियों की जानकारी जनता तक पहुंचाने के लिए आगामी 10 मई को सुबह 12 कटनी रोड स्थित बारातघर में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया है। जिसमें जिले भर के सभी बिंगो, प्रकोष्ठों, पूर्व एवं वर्तमान पंचायतीराज, नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों, ब्लॉक अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

### संत भूरा भगत जयंती के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा

**पिपरिया।** देवों के देव महादेव के अनन्य भक्त संत शिरोमणि भूरा भगत जी महाराज की जयंती के अवसर पर संत भूरा भगत समिति एवं सह समिति कतिया समाज युवा संगठन तथा कतिया समाज समिति विकासखंड के संयुक्त तत्वाधान में विशाल शोभा यात्रा पुराना गल्ला मंडी स्थित चिंता हरण हनुमान मंदिर से पूजन अर्चन के बाद प्रारंभ हुई । शोभायात्रा नगर के मंगलवारा बाजार, दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास, पुराना बस स्टैंड,इतवारा बाजार, पचमढ़ी रोड होते हुए पुरोहित गार्डन में पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। मंगलवारा चौक पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से गिरधर मल्ल,दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास की ओर से अरविंद राय के द्वारा संत भूरा भगत जी महाराज की पूजा अर्चन कर शोभायात्रा में चल रहे सजातियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नगर पालिका परिषद की ओर से नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल सहित पार्षदो ने शोभायात्रा में चल रहे नागरिकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पचमढ़ी रोड पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजीव जायसवाल द्वारा भी शीतल पेय का वितरण किया गया। संत भूरा भगत महाराज की शोभा यात्रा में घोड़े पर सवार शक्ति स्वरूपा देवियां हाथ में ध्वज लिए शोभा यात्रा का नेतृत्व कर रही थी। उसके बाद संत भूरा भगत महाराज की झांकी सजी हुई थी। उसके पीछे साले चौका से आए बाबा महाकाल ग्रुप ने अपनी महादेव पर केंद्रित भक्ति एवं नृत्य का प्रदर्शन कर शोभा यात्रा में चल रहे सामाजिक बंधुओ का मन मोह लिया। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ भी रथ पर सवार होकर शहर वासियों को आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। समाज के लोग शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों पर अपना नृत्य प्रदर्शन कर शोभायात्रा में चार चांद लगा रहे थे । शोभा यात्रा में समाज के गौरव विधायक ठाकुरदास नागवंशी,सुश्री संध्या सिंगारे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिपरिया,ब्रज किशोर पठारिया सदस्य जिला पंचायत नर्मदा पुरम,श्रीमती राजकुमारी जालम सिंह नागवंशी सरपंच सहलवाडा,श्रीमती राधा दीपक बेलवंशी सरपंच बांसखेड़ा , कमलबान सरपंच मोकलवाड़ा, जितेंद्र नागवंशी सरपंच रिछैडा, दिलीप सिंह सिंगारे सरपंच ठूठा दहलवाड़ा,आयोजन समिति के आयोजक मंडल के सदस्य सहित पचमढ़ी,सुहागपुर,सेमरी,बाबई ,होशंगाबाद,इटारसी सहित जिले भर के सामाजिक बंधु शोभायात्रा में विशेष रूप से उपस्थित रहे। शोभा यात्रा का समापन संत भूरा भगत महाराज जी की आरती एवं भंडारा संगीत संध्या उपरांत देर रात्रि को समापन हुआ।

### दो बाइकों में भिड़ंत, प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक प्रौढ़ की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां पर उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मोतीलाल पटेल पिता बलिराम पटेल 52 वर्ष निवासी बसाड़ी मोटर साइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे वाहन से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में मोतीलाल पटेल को गंभीर चोट लगने के कारण मौत हो गई है।

# जगन्नाथ चौक-घंटाघर मार्ग के प्रभावितों को दी गई क्षतिपूर्ति राशि

### नगर विकास में नागरिकों का सहयोग अति आवश्यकः महापौर

### मुआवजा राशि वितरण के लिए भू स्वामियों ने जताया महापौर का आभार



**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों के सुगम यातायात की व्यवस्था हेतु जगन्नाथ चैक से घंटाघर तक सडक चैड़ीकरण के साथ स्थल पर अन्य विकास कार्य कराये जानें के दौरान प्रभावित हुए भू-स्वामियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को नगर निगम मेयर कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, एवं निगम जनप्रतिनिधियों की विशिष्ट मौजूदगी में उपायुक्त श्री शैलेष गुप्ता द्वारा 9 भू स्वामियों को 37 लाख 50 हजार 835 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि के चैक का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउन्सिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव एवं विजय डब्बू रजक सहित नगर निगम के अधिकारी सहायक यंत्री सुनील सिंह, विधि अधिकारी वरूणेश मिश्रा, लेखापाल श्रीकांत तिवारी सहित भू-स्वामियों की मौजूदगी रही।

उल्लेखनीय है कि उक्त मार्ग पर कराये जा रहे विकास कार्य के दौरान क्षेत्रीय प्रभावित भू-स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा राशि के वितरण का कार्य निरंतर जारी है। जिसके तहत विगत अप्रैल माह में 6 भू-स्वामियों को क्षतिपूर्ति की राशि के चैकों का वितरण पूर्व में किया जा चुका है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण मेरी पहली प्राथमिकता वाले कार्य में शामिल था जिसके लिए जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास भी किये गए। हमारा यही प्रयास होगा कि सड़क का निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए चौड़ीकरण के साथ पूर्ण हो। नगर विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य में क्षेत्र के अन्य भू-स्वामियों का सहयोग भी नितांत आवश्यक है अतः आप लोग अन्य नागरिकों को इस महत्वपूर्ण में स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग प्रदान करनें हेतु उन्हे प्रेरित करें। मार्ग व्यवस्थित होनें से क्षेत्र का व्यवसाय भी बढेगा। हमारा यही प्रयास होगा कि आने वाले समय में शेष अन्य भू स्वामियों को भी क्षतिपूर्ति राशि के चैकों का भी वितरण शीध्र कर दिया जाए।

#### इन भू-स्वामियों को प्रदान किए गए चैक

नगर निगम मेयर इन काउंसिल कार्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान बाल मुकंद पिता प्रसाद चौदहा (7 लाख 67 हजार 797 रुपये), सुनीता देवी पती नीलेश चैदहा (2 लाख 64 हजार 826 रुपये), पंकज पिता शिवनारायण गुप्ता (7 लाख 76 हजार 273 रुपये), मधुसुदन वल्द बालकृष्ण गट्टानी (6 लाख 10 हजार 638 रुपये), कौशल प्रसाद वल्द रामदयाल सोनी (2 लाख 68 हजार 490 रुपये), शुभा पति आनंद चैदहा (3 लाख 15 हजार 456 रुपये), रामसखी पति राजाराम सोनी (2 लाख 29 हजार 320 रुपये) तिलक राष्ट्रीय स्कूल कटनी (2 लाख 45 हजार 424 रुपये) एवं डॉ ऋषि जैन वल्द सुरेश जैन (2 लाख 72 हजार 611 रुपये) रूपये के चैक प्रदान किये गए।

## बेरशेबा स्कूल की छात्रा अमृता पटैल ने 10 वी में 95.4 प्रतिशत







**पिपरिया।** मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किए गए हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में बेरशेबा इं.मी.हा. सेके.स्कूल का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। संस्था में कुल दर्ज हाईस्कूल परीक्षा में 93 विद्यार्थियों में से 65 ने प्रथम,28 ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था व स्वयं व नाम रोशन किया। छात्रा अमृता पटैल ने 95.4 प्रतिशत हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक अर्जित कर संस्था का गौरव बढ़ाया। वही हायर सेकेण्डरी परीक्षा में कुल दर्ज 91 विद्यार्थियों में 71 विद्यार्थियों ने प्रथम,17 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में 58 में से 41 ने प्रथम,16 ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की। विज्ञान संकाय में कुल 33 विद्यार्थियों में से 30 ने प्रथम एवं 1 ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्था व स्वंय का नाम रोशन कर शाला का गौरव बढ़ाया। दोनों परीक्षाओं में से अमृता पटैल ने गणित विषय में 100 में से 100 नंबर प्राप्त कर 500 में से 477 अंक अर्जित कर 95.4 प्रतिशत लाकर शाला में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। वहीं हायर सेकेण्डरी परीक्षा (वाणिज्य)संकाय में छात्रा आस्था तिवारी ने सर्वाधिक 500 में से 424 अंक लाकर 84.8 प्रतिशत अंक अर्जित किये व विज्ञान संकाय में छात्रा मोनिका चौधरी ने सर्वाधिक 500 में से 447 लाकर 89.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। विद्यालय संचालक शाजी वर्गीश,शाला प्राचार्य राम कुमार नबीरा व शैक्षणिक स्टाफने सभी विद्यार्थियों को परीक्षाओं में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त किए जाने पर बहुत बहुत शुभकामनाए व हार्दिक बधाई दीं।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में लोक परिवहन की 18वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक संपन्न



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कटनी शहर में लोक परिवहन हेतु परिवहन कंपनी दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड की 18 वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक का आयोजन मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में किया गया।

बैठक के दौरान महापौर प्रीति सूरी डायरेक्टर, नीलेश दुबे आयुक्त नगर पालिक निगम मैनेजिंग डायरेक्टर, संतोष पाल आर.टी.ओ.डायरेक्टर और सुनील सिंह नोडल अधिकारी डायरेक्टर, सुधीर मिश्रा कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम, योगेश पवॉर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर लोक परिवहन, की उपस्थिति रही। बैठक में कंपनी द्वारा बसों के संचालन हेतु वित्तीय अधिकारों मे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मैनेजिंग डायरेक्टर, आयुक्त नगर पालिक निगम मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर को फाइनेंशियल पॉवर, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर पुरैनी में निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाये जाने इलेक्ट्रिक चार्जिंग अधोसंरचना हेतु क्षेत्रीय बस स्टैण्ड झिंझरी एवं ट्रांसपोर्ट नगर अंतर्राज्यीय बस स्टैंड का चयन, झिंझरी में प्रस्तावित क्षेत्रीय बस स्टैंड मे परिवहन कंपनी के लिए ऑफिस बस डिपो चार्जिंग अधोसंरचना के लिए डीयूटीएफ राशि से कार्य करने के संबंध में चर्चा।

बैठक में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया गया कि नसीम ट्रांसपोर्ट द्वारा संचालित 2 सिटी बसों को ग्रामीण परिवहन की सुविधा हेतु कटनी से रीठी बसों को बांकल तक संचालित करने, नगरीय परिवहन के लिए शहर में संचालित होने वाली 2 नवीन सिटी बसों को बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मिशन चौक, माधव नगर, झिझरी बस स्टैण्ड, निवार तक करने की योजना है ।

इसके अतिरिक्त ग्रीन मोबिलिटी के अंतर्गत कटनी शहर से 4 इलेक्ट्रिक बस कटनी से रीवा, कटनी से जबलपुर, मार्ग पर चतुर्थ निविदा में प्राप्त निविदाकार योलो बस प्राइवेट लिमिटेड की अधिकतम दर की जानकारी दी गई। जिससे कंपनी को प्रति माह राजस्व की प्राप्ति होगी। कटनी नगर निगम सीमा अंतर्गत पी.पी.पी. मॉडल पर विभिन्न स्थानों पर चार्जिंग स्टेशन पब्लिक टॉयलेट, कैफेटेरिया के लिए निविदा जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

शहर में पार्किंग स्थानों के विकास के लिए डी.पी आर. बनाने शहरीय सीमा में 4 नवीन इलेक्ट्रिक बस संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर संचालनालय भेजे जाने की भी स्वीकृति बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के द्वारा प्रदान की गई।

# मेमू पैसेंजर में तत्वों ने मचाया उत्पात, यात्रियों से की मारपीट

**कटनी।** ट्रेनों में यात्रा करना आजकल खतरनाक होता जा रहा है। यात्री ट्रेनों में सुरक्षा को लेकर किए गए तमाम इंतजाम ध्वस्त हो चुके है। आये दिन ट्रेनों में कोई न कोई बारदात घटित हो रही है। यात्रियों का कहना है ट्रेनों में सुरक्षा के लिए तैनात आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ भी ड्यूटी के दौरान ढूढे नहीं मिलते। न ही कहीं कोच में पुलिस का कोई नंबर मौजूद रहता लिहाजा अपराधी अपराध करके चंपत हो जाता है, तब कही सुरक्षा बल खानापूर्ति के लिए यात्रियों को घण्टो परेशान करते है। ऐसी ही एक घटना गत दिवस यात्री ट्रेन में घटित हुई।

कटनी-बांदकपुर के बीच बदमाशों ने चलती ट्रेन में जमकर उत्पात मचाया और यात्रियों के साथ लूटपाट और मारपीट की। इस घटना में आधा दर्जन यात्रियों के घायल होने की खबर है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।





घटना की जानकारी लगते ही रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ और शासकीय रेल पुलिस जीआरपी में हड़कंप मच गया। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। बताया जा रहा है कि बीना से कटनी मुड़वारा स्टेशन तक आने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन नंबर 61619 जैसे ही मुड़वारा स्टेशन पर पहुंची, उसमें सवार यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया।

जानकारी के अनुसार सभी घायल यात्री बांदकपुर मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। पीडितों के अनुसार सलैया स्टेशन से 7-8 अज्ञात युवक ट्रेन में सवार हुए। युवकों ने पहले कुछ यात्रियों से विवाद किया जो जल्द ही हाथापाई में बदल गया। हमलावरों ने बांदकपुर से लौट रहे श्रद्धालुओं पर अचानक हमला कर दिया। बीच- बचाव करने की कोशिश करने वालों को भी धमकाया गया। इस हमले में 6 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें एक महिला श्रद्धालु को गंभीर चोटें आईं और उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल यात्रियों ने बताया कि हमलावर उनका मोबाइल फोन और नकदी भी लूटकर मौके से फरार हो गए।

### एसडीएम ने कॉलोनाइजरो को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए



**पिपरिया।** मंगलवार को एसडीएम अनीशा श्रीवास्तव ने कॉलोनाइजरो की बैठक लेकर उनको रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनवाने के निद्रेश दिए। वही एसडीएम ने जल गंगा संर्वधन अभियान के अंर्तगत नगर के नगरीय क्षेत्र के अंर्तगत आने वाली कॉलोनियो में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग बनवाने के निद्रेश दिए। इस दौरान नगर पालिका परिषद सीएमओ रवि प्रकाश नायक,तकनीकी सहायता हेतु उपयंत्री नीतेश पांडे,स्वच्छता निरीक्षक यासीन खान सहित कॉलोनाईजर्स मौजूद रहे।

### धर्म की स्थापना के लिए हुआ भगवान श्रीराम का जन्म



**मैहर।** श्रीराम कथा का संगीतमई आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद मिश्र के निज निवास ग्राम पिपरा कला मैहर में आचार्य आदर्श कृष्ण शास्त्री के मुखार बिन्द से भक्त जन रसपान कर रहे हैं। कथा के तृतीय दिवस श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर आचार्य ने कहा कि श्रीराम जी का जन्म दुष्टों के नाश एवं धर्म की रक्षा के लिए हुआ था। राम जन्म की कथा में वर्णन है कि राजा दशरथ ने यज्ञ करवाया और उसका प्रसाद अपनी तीनों पत्नियों, कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी को दिया। प्रसाद खाने के फलस्वरूप कौशल्या ने राम को जन्म दिया। जो चैत्र शुक्ल नवमी को हुआ। कथा में आगे बताया है कि राम के जन्म से अयोध्या में खुशी का माहौल था सभी लोग आनंदित थे। और देवताओं ने पुष्प वर्षा की राम के जन्म के बाद, महाराज दशरथ ने ब्राह्मणों और याचकों को दान दक्षिणा दी और प्रजा.जनों को धन धान्य और रत्न आभूषण दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी पंडित रामनिवास उरमलिया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष आर.के. सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट दिलीप त्रिपाठी, सूर्यप्रकाश चौरसिया, अखिल मिश्रा, सुरेंद्र सिंह तिवारी, अशोक तिवारी पीएल द्विवेदी, रामप्रकाश गुप्ता एवं शिवम मिश्रा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# सांदीपनि विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

**पिपरिया।** नगर के सांदीपनि विद्यालय शासकीय आरएनए स्कूल का कक्षा 10 वी व 12 वी का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किए गए हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में सांदीपनि विद्यालय शासकीय आर एन ए स्कूल का परीक्षा परिणाम कक्षा दसवीं का 81.30 प्रतिशत व कक्षा 12वी का 86.2 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कक्षा दसवी में 22 प्रतिशत व कक्षा 12वी में 20 प्रतिशत की













बढ़ोतरी हुई है। स्कूल में कक्षा दसवी में अनुज विश्वकर्मा ने 92.4 प्रतिशत और कपिल केवट ने 92.2प्रतिशत अंक लेकर प्रथम व द्वितीय तथा राशि मौर्य ने 90.6प्रतिशत से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही राष्ट्रीय स्तर पर रग्बी में पहुंचीं और राज्य फुटबॉल टीम की उपविजेता दल की कप्तान रहीं आकांछा नैय्यर ने 85 प्रतिशत अंक के साथ दसवी उत्तीर्ण की। कक्षा 12वी में वाणिज्य संकाय के रजित ने 90.8प्रतिशत अंक लेकर स्कूल टॉप किया। द्वितीय स्थान कैलाश कुशवाहा ने 89.8प्रतिशत एवं तृतीय स्थान विज्ञान संकाय की कुमकुम कहार ने 89.6प्रतिशत लेकर उत्तीर्ण की। विज्ञान संकाय में सर्वाधिक अंक कुमकुम ने तो कला संकाय में अलसिफा 81.4 प्रतिशत अंक लेकर अव्वल रहीं। प्राचार्य संजीव दुबे ने सभी विद्यार्थियो पालकों व शिक्षको को बधाई देते हुए संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था में 12वी में 74 प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा दसवी में 70प्रतिशत विद्यार्थियों



ने प्रथम श्रेणी अर्जित की है। परीक्षा प्रभारी राजेश शर्मा,यामिनी पटेल सहित स्टॉफ के मनीष जैन,वंदना बारोलिया, प्रीतिवाला शर्मा, ज्ञानेंद्र हरदेनिया, के एल संतोरे, राहुल साहू,शाहीन, अलका बाथरे ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

# विकसित भारत के लिए आयोजित संवाद श्रृंखला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले

### हम पढ़ा क्या रहे हमें ही नहीं मालूम

**भोपाल।** राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में नीति आयोग की ओर से आयोजित संवाद श्रृंखला 2025 के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपनी पढ़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि पिताजी ने हायर सेकेंडरी पढ़ने के बाद दुकान खोल दी और कहा कि अब दुकान पर बैठो। उन्होंने पढ़ाई के साथ दुकान भी चलाने को कहा ताकि आय की व्यवस्था वक्त के साथ बनी रहे। सीएम यादव ने कहा कि देसी व्यवस्था हमारी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ी करती है। पढ़ने के लिए नौकरी करना जरूरी है। अंग्रेजों के समय से शिक्षा के नाम पर यह नकली आडंबर बना दिया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल एजुकेशन और हास्पिटल अलग थे जिसे हमने एक किया क्योंकि दोनों में काम तो एक ही होता है। सीएम यादव ने कहा कि आयुर्वेद ने कोरोना के दौर में हिम्मत दिलाई और आयुष विभाग ने इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल के सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि 1971 के पहले बांग्लादेश और बांग्लादेशी और 1947 के पहले पाकिस्तान और पाकिस्तानी नागरिक नहीं थे। हम सब हिन्दुस्तान के और हिन्दुस्तानी थे। हम जैसा हिन्दुस्तान थे उसमें सत्यवादी और नफरतवादी, हिंसक और कुटिल मानसिकता वाले नहीं थे। वह आईडेंटिटी हमें ईश्वर ने दी थी। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि हमारी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने के पहले यह स्थिति रही है कि सिलेबस के आधार पर हम पढ़ा रहे हैं? हमें ही नहीं मालूम है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि क्या ऐसा भी हो सकता है कि हमें फिर ऐसा भारत देखने को मिल जाए। हम प्रार्थना कर सकते हैं क्योंकि इसमें तो कुछ जाना नहीं है। हमें वह भारत देखने को मिले जो हमारे पूर्वजों का था। हमें खंडित भारत नहीं अखंड भारत का सपना देखना चाहिए। दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश का नागरिक मुसलमान और ईसाई देश का नागरिक ईसाई नहीं माना जाता है। लोग अपने यहां के लोगों को देश के नाम से पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के अंदर कुछ नए प्रवाह जन्म लेना चाहती हैं। दंगा मुक्त हिन्दुस्तान के लिए काम करने वाली सरकारों की जरूरत है।



#### जिस शिक्षा में संस्कार नहीं वह बना देती है अपराधी

इंद्रेश ने कहा कि जिस शिक्षा में संस्कार नहीं वह आदमी को अपराधी बना देती है। जिस कमाई में सेवा और मदद नहीं वह आदमी को भ्रष्टाचारी बना देती है। शिक्षित आदमी भ्रष्टाचारी और अपराधी न हो, यही नरेंद्र मोदी सरकार की कोशिश है। शिक्षित आदमी भी समझदार और विश्वासी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में पास होने के लिए पढ़ने और श्रम करने की जरूरत नहीं होती है। कोशिश करनी है तो बेहतरीन काम करने की कीजिए। उन्होंने कहा कि विद्या विकारों से मुक्त करती है। आतंकवाद को लेकर उन्होंने कहा कि एक आतंकवादी के कृत्य से पूरा देश हिल जाता है। मौलिक रूप से कोई भी आदमी हिंसक, क्रोधी, आतंकवादी न बने ताकि देश सब प्रकार से विकारों से मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि इसी की बदौलत दंगा, धर्मांतरण जैसे विकारों से मुक्त हिन्दुस्तान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राम और रावण दोनों चार वेद के ज्ञानी थे। दोनों शक्तिशाली सम्राट और शिव के उपासक थे। केवल एक अंतर था, एक हर साल पूजा जाता है और गाली पाता है और एक युगों से पूजा जाता है। राम की सत्ता विकसित भारत का माडल बन गई वहीं रावण की सत्ता विनाशी हो गई।

#### दंगा मुक्त हिन्दुस्तान चाहिए

इंद्रेश कुमार ने कहा कि दंगा मुक्त हिन्दुस्तान चाहिए। पर्यावरण वाला हिन्दुस्तान क्यों नहीं हो सकता है? संवाद कटुता में बदले या नो डॉयलाग में बदले तो हिंसा जन्म लेती है, विकार जन्म लेते हैं। भारत ने समाज रचना की थी तो सबकी इंडिविजुअल आइडेंटिटी बनी रही। उन्होंने कहा कि भारत का विज्ञान कल्चराइजेशन के साथ था। इसलिए सबको मौका था। सभी ब्यूरोक्रेट्स ने मिलकर एक नया प्रदेश बनाने का जो संकल्प ले रहे हैं उसके लिए बधाई देता हूं। हम क्या लेकर आए हैं, क्या लेकर जाएंगे, खाली हाथ आए थे, खाली हाथ जाएंगे। सतधर्म से आए थे, सतधर्म लेकर जाएंगे। सत्कर्म जितने ज्यादा होंगे उतना ही यश मिलेगा।

#### रोजगार और मूल्य आधारित घटकों पर पैनल डिस्कसन

इस आयोजन में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राज्यमंत्री कौशल विकास और रोजगार गौतम टेटवाल, एसीएस उच्च शिक्षा अनुपम राजन भी मौजूद रहे। राज्य नीति आयोग के सीईओ ऋषि गर्ग ने स्वागत उद्बोधन दिया। विकसित और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए यह संवाद कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला ने इस दौरान आयोजन की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश के लिए चार बड़े मिशन गरीब, युवा, नारी और किसान के लिए काम किया जा रहा है। नीति आयोग का काम सलाह देने और योजनाएं बनाने का है। इसके लिए अच्छे लोगों को सरकार से जोड़ना है।

## ब्रीफ न्यूज

### 12वीं बोर्ड में भोपाल के 7 छात्र मेरिट में

**सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के प्रांजल की 5वीं रैंक; सरकारी स्कूलों के 77.38 प्रतिशत विद्यार्थी पास**

**भोपाल।** एमपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के रिजल्ट मंगलवार को जारी किए गए। 12वीं में भोपाल के 7 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। इसमें सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के कॉमर्स संकाय के प्रांजल कुशवाहा ने प्रदेश में 5वीं रैंक हासिल की है। बता दें कि राजधानी के सरकारी स्कूलों के 77.38 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए है, वहीं, प्राइवेट स्कूलों से 72.68 प्रतिशत छात्रों ने सफलता हासिल की है।

भोपाल में जिन छात्रों ने टॉप किया है उनमें निखिल कुमार पांडे सुभाष एक्सीलेंस स्कूल के छात्र हैं। उन्होंने ह्यूमैनिटीज (कला) विषय में भोपाल में पहला स्थान और प्रदेश स्तर पर 10वीं रैंक प्राप्त की है। प्रांजल कुशवाहा सुभाष एक्सीलेंस स्कूल से हैं। उन्होंने कॉमर्स ग्रुप में भोपाल में प्रथम स्थान और प्रदेश में 5वीं रैंक हासिल की है। आफरीन मंसूरी स्वर पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने कॉमर्स ग्रुप में भोपाल में दूसरा स्थान और प्रदेश में 22वीं रैंक प्राप्त की है। ईवा जैन डेफोडिल स्कूल की छात्रा हैं। उन्होंने बायोलॉजी ग्रुप में भोपाल में टॉप किया और प्रदेश स्तर पर 7वीं रैंक पाई। कार्तिकेय नारे सुभाष एक्सीलेंस स्कूल से हैं। उन्होंने बायोलॉजी ग्रुप में भोपाल में दूसरा स्थान और प्रदेश में 33वीं रैंक हासिल की। देव्यांशु दुबे वे भी सुभाष एक्सीलेंस स्कूल से हैं। उन्होंने बायोलॉजी ग्रुप में भोपाल में तीसरा स्थान और प्रदेश में 42वीं रैंक प्राप्त की।

### भोपाल-लखनऊ वंदे भारत को इंदौर से चलाने की मांग

**रेलवे बोर्ड कर रहा प्रस्ताव पर विचार, जून में हो सकती है प्रीमियम सेवा की शुरुआत**

**भोपाल।** इंदौर से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। इंदौर के डेली रूटीन यात्री संगठनों ने यह मांग की है। दरअसल, भोपाल और लखनऊ के बीच सप्ताह में छह दिन वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का प्रस्ताव रेलवे के पास विचाराधीन है। कहा जा रहा है कि जून अंत तक यह ट्रेन शुरू हो सकती है। भोपाल से लखनऊ के लिए विचाराधीन वंदे भारत ट्रेन को ही इंदौर से चलाने की मांग की जा रही है। इस मामले को लेकर सांसद शंकर लालवानी का भी कहना है कि रेलवे बोर्ड को इस सुझाव पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बता दें कि भोपाल-लखनऊ के बीच लगभग 26 ट्रेनें चलती हैं। इनमें कुछ सुपर फास्ट एक्सप्रेस हैं। इनमें यात्रा का समय 10 से 14 घंटे तक है।

#### इंदौर से लखनऊ के लिए 4 ट्रेन

इंदौर से लखनऊ के बीच केवल चार साप्ताहिक श्रेणी की ट्रेनें उपलब्ध हैं। इनमें सप्ताह में दो दिन महाकाल एक्सप्रेस और इंदौर एक्सप्रेस, वहीं डॉ. अंबेडकर नगर-कामाख्या एक्सप्रेस और इंदौर-पटना एक्सप्रेस सप्ताह में एक दिन चलती हैं। इन ट्रेनों में यात्रा का समय 15 से 16 घंटे है। इतनी कम ट्रेनों के कारण इनमें सालभर वेटिंग की समस्या बनी रहती है। विशेष रूप से त्योहारी सीजन (दिवाली, छठ, और अन्य अवसरों) के दौरान वेटिंग 300 या उससे अधिक तक पहुंच जाती है। ऐसे में भोपाल से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को इंदौर तक बढ़ा दिया जाए, तो इंदौर-भोपाल का यात्रा समय भी कम होगा और इंदौर-लखनऊ के यात्रियों को अतिरिक्त प्रीमियम ट्रेन मिल जाएगी। इस रूट पर 10 से 12 घंटे में यात्रा पूरी हो सकती है।

### कौन होगा मप्र हाई कोर्ट का 29वां नया चीफ जस्टिस

**इसी माह रिटायर हो रहे चीफ जस्टिस कैत**

**भोपाल।** मप्र हाई कोर्ट का 29 वा नया चीफ जस्टिस कौन होगा इसे लेकर कवायद शुरू हो गई है, क्योंकि वर्तमान चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत इसी माह रिटायर हो रहे हैं।

करीब 8 माह पहले 25 सितंबर 2024 को वे मप्र के 28 वे चीफ जस्टिस बने थे। इसके पूर्व जस्टिस कैत दिल्ली हाईकोर्ट में सीनियर जस्टिस के पद पर पदस्थ थे। इसी महीने 23 मई को उनका रिटायरमेंट है। इसके चलते नए चीफ जस्टिस के नामों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वर्तमान में मप्र हाई कोर्ट में पदस्थ जजों में जस्टिस कैत के रिटायर होने के बाद जस्टिस संजीव सचदेवा सबसे सीनियर जज हो जाएंगे। जस्टिस कैत की पदस्थापना के पूर्व जस्टिस सचदेवा ही एक्टिंग चीफ जस्टिस थे। यह माना जा रहा है कि यदि राज्य के बाहर से अन्य किसी सीनियर जस्टिस को चीफ जस्टिस नहीं बनाया जाता है तो जस्टिस सचदेवा ही इस पद पर रह सकते हैं। आधिकारिक स्थिति अगले कुछ दिनों में स्पष्ट होगी। जस्टिस सचदेवा के बाद मप्र हाई कोर्ट में सीनियर मोस्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन एवं जस्टिस विवेक रूसिया हो जाएंगे। चीफ जस्टिस कैत 23 मई को रिटायर हो रहे हैं और हाई कोर्ट के समर वेकेशन (गर्मी की छुट्टियां) 21 मई से प्रारम्भ हो रहे हैं।

## आज भोपाल समेत 5 शहरों में मॉकड्रिल



### सीएम मोहन यादव ने कलेक्टरों और पुलिस को आवश्यक निर्देष

**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करने की घोषणा की है। यह मॉक ड्रिल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर प्रदेश के 5 शहरों इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर और कटनी में आयोजित होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नागरिक सुरक्षा को मजबूत करना जरूरी है। बुधवार शाम 4 बजे से इन पांच शहरों में सायरन के माध्यम से खतरे की सूचना, ब्लैकआउट, प्रमुख इमारतों को सुरक्षित रखने और दुर्घटना की स्थिति में घायलों को सुरक्षित निकालने जैसी गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के 244 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश के उक्त पांच शहर शामिल हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और सिंधु जल समझौते जैसे मुद्दों ने युद्ध की आशंकाओं को बढ़ाया है, जिसके चलते यह कवायद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

#### लोगों से सहयोग अपील

मॉक ड्रिल का उद्देश्य सिविल डिफेंस की तैयारियों का मूल्यांकन करना और आपसी समन्वय को बेहतर बनाना है। इसमें जिला अधिकारी, सिविल डिफेंस वार्डन, होम गार्ड, एनसीसी, एनएसएस, एनवाईकेएस, कॉलेज और स्कूल के छात्र शामिल होंगे। गृह मंत्रालय ने निर्देश दिए हैं कि हवाई हमले के सायरन, ब्लैकआउट उपाय, जरूरी स्थानों की छिपाने की व्यवस्था (कैमोफ्लाज), और निकासी (एवैक्यूएशन) योजनाओं का अभ्यास किया जाए। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि यह ड्रिल विभिन्न एजेंसियों की तैयारियों और तालमेल की जांच के लिए जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन का सहयोग करें और घबराएं नहीं।

## कैंसर चिकित्सालय में नि:शुल्क भोजन वितरण केंद्र के सेवाधारियों का सम्मान




**भोपाल।** सेवा भारती नानक मंडल द्वारा जवाहरलाल नेहरू कैंसर चिकित्सालय में विगत सात वर्षों से प्रतिदिन 350 से अधिक मरीजों एवं मरीज के परिजनों हेतु नि:शुल्क भोजन वितरण किया जा रहा है। उन सभी सेवाधारियों का गुजराती समाज के अध्यक्ष संजय पटेल और कार्यकारिणी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मान करते हुए प्रकल्प का पीड़ित मानवता हेतु संस्था के योगदान की सराहना की। मंडल अध्यक्ष अमित जैन और सचिव चेतन पटेल ने सेवा भारती के द्वारा किए जा रहे सेवा संस्कार और स्वावलंबन हेतु विभिन्न सेवा कार्य बताए। इस अवसर पर सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया गुजराती समाज सदा नए संस्थानों को प्रोत्साहन देने का आदर्श स्थापित किए हुए हैं। इस अवसर पर दुर्वेश मालवीय, विजय गुप्ता, मुकेश अवस्थी, अजय अग्रवाल लाला, प्रेम नारायण शर्मा, मनोज शर्मा, मनीष जैन, संजय साहू, अशोक सांकले, मनीष माधवनी, रोहन जैन मीरा कांटे वाला, तृप्ति अग्रवाल आदि का सम्मान हुआ।

## यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाया जा रहा पीथमपुर के रामकी में

**307 टन यूका का कचरा 51 से 55 दिन में होगा भस्म**

**जमीन की सतह से डेढ़ मीटर ऊंचाई तक राख को रखकर उसे पालीथीन लाइनर में रखा जाएगा**

**अवशेष रुप में बचने वाली राख को जमीन में नहीं गाड़ा जाएगा**

**भोपाल।** 41 साल पहले भोपाल में गैस त्रासदी का जिम्मेदार यूनियन कार्बाइड के नामो निशान को खत्म करने का अंतिम चरण सोमवार से शुरू हुआ। भोपाल से लाए गए 307 टन कचरे को पीथमपुर में इंवायरो एनर्जी कंपनी के भस्मक संयत्र में सोमवार रात 8 बजे से जलाने की प्रक्रिया शुरु हुई। संयत्र में 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरे को 850 से 1100 डिग्री सेल्सियस तापमान पर जलाया जाएगा। हाईकोर्ट ने 72 दिन में कचरा नष्ट करने की प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 51 से 55 दिन में यह कचरा पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि 28 फरवरी से नौ मार्च के बीच 30 टन यूका के कचरे का ट्रायल रन के तहत नष्ट किया जा चुका है।

सोमवार सुबह 7.42 भस्मक संयत्र में ब्लैंक रन शुरु किया। संयत्र के प्रथम व द्वितीय दहन कक्ष में डीजल जलाकर चेंबर को गर्म कर 1100 से डिग्री तक तापमान पहुंचाया गया। यह प्रक्रिया 12 घंटे तक निरंतर चली। इसके बाद भस्मक संयंत्र परिसर में विधि-विधान से पूजन कर सोमवार रात 8 बजे कचरे व लाइम के 18-18 किलो पैकेट को भस्मक संयंत्र में डालने का कार्य शुरु हुआ है।

#### ऑटोमेटिक मशीन से तैयार हुए 18-18 किलो के पैकेट

इस बार संयंत्र में आटोमेटिक मिक्सिंग, वेईंग व पैकिंग मशीन के माध्यम से यूका के कचरे उसके साथ निर्धारित मात्रा में मिलाए गए लाइम के 18-18 किलो पैकेट बनाने वाली मशीन का उपयोग किया गया। यह पैकेट तैयार होकर सीधे संयत्र के प्रथम दहन कक्ष में डाले गए।

#### मर्करी की मात्रा का होगा आकलन

संयंत्र की चिमनी में मर्करी एनालइजर लगाया गया है। ऐसे मे कचरा जलने के बाद जो धुंआ चिमनी से बाहर निकलेगा। उसमें मर्करी है या नहीं इसकी जानकारी एनालाइजर के माध्यम से रियल टाइम पर डिस्प्ले बोर्ड पर दिखाई देगी।

#### दो गांव के ग्रामीणों को मिलेंगी प्रदूषण का रियल टाइम स्तर

संयंत्र से लगे बजरंगपुरा व चिराखान गांव में एम्बिएंट एयर मानीटरिंग स्टेशन लगाए गए है। इसके साथ डिस्पले बोर्ड भी लगाए गए है। ऐसे में यहां के ग्रामीणों को रियल टाइम में उस क्षेत्र में प्रदूषण की मात्रा की जानकारी मिल सकेगी। पहले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मैन्युअली मानीटरिंग कर रहा था। तारापुरा में एम्बिएंट एयर मानीटरिंग स्टेशन पहले लगा है।

#### डॉयक्सीन व फ्यूरान गैस की होगी सैम्पलिंग, हैदराबाद भेजेंगे सैम्पल

पिछली बार किए गए ट्रायल रन की तर्ज पर इस बार भी यूका के कचरे के जलाने के दौरान डायक्सीन व फ्यूरान गैस की निगरानी फेयर लैब कंपनी द्वारा की जाएगी। इन गैसों के लिए प्रत्येक आठ घंटे में सैम्पल लेकर उसे केमिकल अंबर लाइट एएक्सडी टू से गुजारा जाएगा।

## बोर्ड परीक्षाओं को प्रदेश में रिजल्ट सुधरा, लेकिन राजधानी पिछड़ी

### 10वीं बोर्ड के रिजल्ट में भोपाल 28वें पायदान पर

### -टॉप में 10 में उत्कृष्ट स्कूल की इशिका

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। भोपाल की सुभाष उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा इशिका कपूर ने 98.02 प्रतिशत के साथ प्रदेश में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। इशिका ने कुल 500 में से 491 अंक हासिल कर प्रदेश में 10वां स्थान पाया है।

मप्र में इस बार कुल 76.22 प्रतिशत विद्यार्थी सफल रहे, जो पिछले साल के 58.10 प्रतिशत परिणाम की तुलना में बेहद सुधार है। बावजूद इसके, राजधानी भोपाल का प्रदर्शन प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले निराशाजनक रहा। भोपाल 28 वें स्थान पर रहा है।

#### छात्राओं ने मारी बाजी

इस साल छात्राओं ने छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया। छात्राओं का सफलता प्रतिशत 79.27 प्रतिशत रहा, जबकि छात्र 73.21 प्रतिशत पर ही ठहर गए। स्वाध्यायी परीक्षार्थियों का परिणाम मात्र 28.70 प्रतिशत रहा। प्रदेश में टॉप 10 में अपनी जगह बनाने वाली इशिका ने कहा कि, पिताजी का देहांत हो चुका है। आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है। मम्मी हाउस वाइफ हैं और हम तीन बहनें हैं। लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। बिना कोचिंग के सिर्फ सेल्फ स्टडी की। इशिका ने बताया कि उसने पढ़ाई के लिए कभी घंटों की गिनती नहीं की। न कोई तय फॉर्मेट था और न ही सिर्फ रीडिंग पर ध्यान दिया। हमेशा खुद से सवाल पूछे, कांसेप्ट क्लियर करने पर फोकस किया। पढ़ाई को बोझ नहीं बनने दिया बल्कि उसे समझने का जरिया बनाया। इशिका ने कहा, मेरे लिए मार्क्स से ज्यादा महत्वपूर्ण कांसेप्शनल क्लैरिटी थी। अब मैं 11वीं में पीसीएम लेकर पढ़ाई करूंगी और आईआईटी में दाखिला लेना मेरा लक्ष्य है।

#### टॉप पर ये जिले, भोपाल फिर पिछड़ा

प्रदेश में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन नरसिंहपुर, नीमच और मंडला जिलों ने किया। वहीं, इंदौर 16वें, उज्जैन 22वें, जबलपुर 36वें और ग्वालियर 40वें स्थान पर रहा। भोपाल के टॉपर्स में अश्विनी केवट, पिता मनोज कुमार केवट -एलाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय - 494 अंक, सोनम यादव, पिता वकील यादव -सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय-493 अंक, लवकेश बारपेटे, पिता श्रीराम बारपेटे - सुभाष उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय - 492 अंक और नया नूर अंसारी, पिता नसीरुद्दीन चौधरी- शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय जहांगीराबाद - 492 अंक प्राप्त किए।

## भारतीय रेल के लिए डिजिटल घड़ी डिजाइन करें

**पाएं 5 लाख का राष्ट्रीय पुरस्कार, 31 मई तक भेज सकेंगे डिजाइन**

**भोपाल।** देश की रेल सेवाओं में समयबद्धता और तकनीकी नवाचार को नया आयाम देने के उद्देश्य से भारतीय रेल ने एक अनूठी राष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता की शुरुआत की है। इस प्रतियोगिता के तहत देशभर के नागरिकों को रेलवे स्टेशनों पर लगाई जाने वाली डिजिटल घड़ी की नई डिजाइन तैयार करने का अवसर दिया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा संचालित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता को 5 लाख रुपए का राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा। प्रत्येक श्रेणी में पांच प्रतिभागियों को 50,000 रुपए के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। भोपाल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यह प्रतियोगिता भारतीय रेल के नवाचार प्रयासों और जनसहभागिता का परिचायक है। समय प्रबंधन को नई पहचान देने का यह सुनहरा मौका है। उन्होंने भोपाल मंडल के छात्रों, कलाकारों, डिजाइनर्स और आम नागरिकों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। डिजाइन तीन श्रेणियों में आमंत्रित की गई है। पहली स्कूली छात्र (12वीं कक्षा तक), दूसरी कॉलेज/यूनिवर्सिटी विद्यार्थी और तीसरी श्रेणी पेशेवर डिजाइनर एवं आम नागरिक की।

#### डिजाइन भेजने की डेडलाइन 31 मई

प्रतिभागी 1 मई से 31 मई 2025 तक अपनी डिजाइन केवल ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। डिजाइन हाई-रेजोल्यूशन में और वाटर मार्क रहित होनी चाहिए। ईमेल आईडी पर भेजना होगा। इसके साथ डिजाइन का एक संक्षिप्त अवधारणा नोट और मौलिकता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सभी श्रेणियों में भेजी गई प्रविष्टियों में से एक सर्वश्रेष्ठ डिजाइन का चयन किया जाएगा। जिसे देशभर के रेलवे स्टेशनों पर डिजिटल घड़ी के रूप में स्थापित किया जाएगा।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**